संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

पूर्णिया , गुरुवार 9 अक्टूबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 197

**सुविचार**

"जो समय का सम्मान करता है, वही जीवन में आगे बढ़ता है।"



9 अक्टूबर को हर साल राष्ट्रीय नौसैनिक दिवस के अवसर पर विभिन्न समुद्री गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं।

# भारत निवेश, नवाचार और निर्माण के लिए सबसे बेहतर स्थान : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा- आज एक जीबी डेटा की कीमत एक कप चाय से भी कम

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत आज निवेश, नवाचार और निर्माण के लिए सबसे बेहतर स्थान बन चुका है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक ढांचा, सरकार की अनुकूल सोच और व्यवसायिक माहौल ने भारत को निवेश-हितैषी गंतव्य बना दिया है। मोदी ने द्वारका स्थित यशोभूमि में इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2025 के नौवें संस्करण का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि यह अब केवल मोबाइल या टेलीकॉम



तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि एशिया का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी फोरम बन गया है।

**युवा नवप्रवर्तकों और स्टार्टअप्स का योगदान** : प्रधानमंत्री ने कहा कि आईएमसी की सफलता युवा माइंडसेट और स्टार्टअप्स के योगदान का परिणाम है। सरकार ने स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता देने के लिए 'टेलीकॉम टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड' और 'डिजिटल कम्युनिकेशन इनोवेशन स्क्वायर' जैसी योजनाओं की शुरुआत की है। मोदी ने कहा कि डिजिटल कनेक्टिविटी अब विलासिता नहीं, बल्कि लोगों के जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन गई है। इस वर्ष आईएमसी में 500 से अधिक स्टार्टअप्स को आमंत्रित किया गया, जिससे उन्हें निवेशकों और वैश्विक मार्गदर्शकों से जुड़ने का अवसर मिला।

**आईएमसी 2025 : अंतरराष्ट्रीय सहयोग और नवप्रवर्तन** : आईएमसी 2025 का आयोजन 8 से 11 अक्टूबर तक "इनोवेट टू ट्रांसफॉर्म" विषय के अंतर्गत किया जा रहा है। इसमें 150 से अधिक देशों के 1.5 लाख से अधिक आगंतुक, 7,000 से अधिक वैश्विक प्रतिनिधि और 400 से अधिक कंपनियां भाग ले रही हैं। कार्यक्रम में 5जी/6जी, एआई, स्मार्ट मोबिलिटी, साइबर सुरक्षा, क्वांटम कंप्यूटिंग और हरित प्रौद्योगिकी जैसे 1,600 से अधिक नए उपयोग-मामले प्रदर्शित किए जा रहे हैं। जापान, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, रूस, आयरलैंड और ऑस्ट्रिया के प्रतिनिधिमंडल अंतरराष्ट्रीय सहयोग को भी रेखांकित कर रहे हैं।

**भारत का तकनीकी और डिजिटल विकास :** प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत में अब हर जिले में 5जी सेवा उपलब्ध है। 2014 की तुलना में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन छह गुना, मोबाइल निर्माण 28 गुना और निर्यात 127 गुना बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा टेलीकॉम और 5जी बाजार बन चुका है। उन्होंने विश्वसनीय वैश्विक साझेदार बनने और दूरसंचार उपकरणों के डिज़ाइन व निर्माण में भारत की भूमिका को बढ़ाने पर जोर दिया।

**वैश्विक प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर उत्पादन** : मोदी ने कहा कि वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण के लिए भरोसेमंद साझेदार की तलाश में हैं, और भारत इसमें पैमाना व विश्वसनीयता दोनों प्रदान कर सकता है। उन्होंने सेमीकंडक्टर विनिर्माण का उदाहरण देते हुए कहा कि देश में दस सेमीकंडक्टर यूनिट्स पर काम चल रहा है। साथ ही, डेटा सेंटर और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देकर भारत वैश्विक डेटा हब के रूप में उभर सकता है।

- » इंडिया मोबाइल कांग्रेस अब एशिया का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी फोरम बन चुका है।
- » भारत में अब हर जिले में 5जी सेवा उपलब्ध है और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन, मोबाइल निर्माण और निर्यात में भारी वृद्धि हुई है।
- » देश में 10 सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों पर काम चल रहा है और भारत वैश्विक डेटा हब बनने की क्षमता रखता है।

## बीसीसीआई टीम को 'टीम इंडिया' कहने से रोकने संबंधी याचिका खारिज




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) को अपनी क्रिकेट टीम को "टीम इंडिया" कहने से रोकने की याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में दावा किया गया था कि इस नाम का उपयोग निजी संस्था द्वारा किया जा रहा है और इससे जनता के अधिकारों का हनन हो रहा है। न्यायालय ने कहा कि "टीम इंडिया" केवल भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली राष्ट्रीय टीम का सामान्य नाम है और इसे प्रतिबंधित करना उचित नहीं होगा। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को कोई राहत दिए बिना मामला खारिज कर दिया। इस निर्णय से बीसीसीआई को अपनी टीम का नाम जारी रखने की अनुमति मिल गई है।

## राष्ट्रपति मुर्मु 9 से 11 अक्टूबर तक गुजरात दौरे पर, सोमनाथ और द्वारकाधीश मंदिर में करेंगी दर्शन



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 9 से 11 अक्टूबर तक गुजरात के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वे सोमनाथ मंदिर, गिर राष्ट्रीय उद्यान, द्वारकाधीश मंदिर और गुजरात विद्यापीठ के 71वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति 9 अक्टूबर की शाम को राजकोट पहुंचेंगी। 10 अक्टूबर को वे सोमनाथ मंदिर में दर्शन और आरती करेंगी। इसके बाद गिर राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करेंगी और सासन गिर में स्थानीय आदिवासी समुदाय से बातचीत करेंगी तथा 11 अक्टूबर को राष्ट्रपति द्वारका स्थित द्वारकाधीश मंदिर में दर्शन करेंगी एवं अहमदाबाद में गुजरात विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी।

## अयोध्या में केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने दक्षिण के तीन संतों की मूर्तियों का किया अनावरण

### - उत्तर-दक्षिण संस्कृति का संगम बना बृहस्पति कुंड, भक्ति और संगीत की बिखरी अनोखी छटा

**अयोध्या,** (हि.स.)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बुधवार को अयोध्या पहुंचीं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर बृहस्पति कुंड में दक्षिण भारतीय संगीत संतों – त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि – की मूर्तियों का भव्य अनावरण किया। अनावरण समारोह दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ, जिसमें केंद्रीय मंत्री के माता-पिता भी उपस्थित थे।

**सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और कहा कि बृहस्पति कुंड उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि अयोध्या केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक है। उन्होंने तीनों संतों के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके काव्य और संगीत ने समाज को प्रेम और भक्ति के सूत्र में पिरोया।



**बृहस्पति कुंड में शांति और सौंदर्य का अनुभव** : कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह बृहस्पति कुंड की पत्थर की बेंच पर विराम लेकर परिसर की शांति और सौंदर्य का आनंद लिया। मुख्यमंत्री ने बेंच और परिसर की कलात्मक बनावट की सराहना की और कहा कि अब बृहस्पति कुंड श्रद्धा और सौंदर्य का आदर्श संगम बन चुका है।

## रूस के हमले में यूक्रेन का थर्मल पावर प्लांट गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त, दो कर्मचारी घायल

**कीव,** (हि.स.)। रूस ने मंगलवार कि रात यूक्रेन के एक थर्मल पावर प्लांट पर भीषण हमला किया, जिसमें संयंत्र को भारी नुकसान पहुंचा है। देश की सबसे बड़ी ऊर्जा कंपनी डीटीईके (डीटीईके) ने बताया कि इस हमले में दो कर्मचारी घायल हुए हैं। हालांकि, कंपनी ने सुरक्षा कारणों से संयंत्र के स्थान का खुलासा नहीं किया। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, रूस की यह कार्रवाई सर्दियों से पहले देश की बिजली, हीटिंग और जल आपूर्ति को बाधित करने के उद्देश्य से की गई है। इस बीच, यूक्रेन की वायुसेना ने दावा किया कि उसने रातभर चले हमलों के दौरान रूस द्वारा दागे गए 183 ड्रोन में से 154 को मार गिराया या निष्क्रिय कर दिया।दूसरी ओर, रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने 9 अलग-अलग क्षेत्रों में 53 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट किया। रूस के बेलगोरोद सीमा क्षेत्र में यूक्रेनी रॉकेट हमले में तीन लोगों की मौत और एक व्यक्ति घायल हुआ है।उत्तर-पूर्वी सूमी क्षेत्र का शोस्तका शहर भी इस ड्रोन हमले की चपेट में आया है, जहां बिजली आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ा है। विश्लेषकों का कहना है कि दोनों देशों के बीच ऊर्जा ढांचे पर बढ़ते हमले आने वाले महीनों में यूक्रेन की सर्दियों को और मुश्किल बना सकते हैं।

## कफ सिरप में 'डेक्सट्रोमेथॉर्फन हाइड्रोब्रोमाइड' घटक के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध नहीं : सरकार




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। देश के अलग-अलग हिस्सों में इन दिनों कफ सिरप से बच्चों की मौत की खबर के बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो में दावा किया गया है कि सरकार ने कफ सिरप में 'डेक्सट्रोमेथॉर्फन हाइड्रोब्रोमाइड' नामक घटक पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं, केन्द्र सरकार ने इस खबर को भ्रामक और पूरी तरह से गलत बताया है।

केन्द्र सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) फैक्ट चेक ने बुधवार को बताया कि खासी की दवा कफ सिरप में 'डेक्सट्रोमेथॉर्फन हाइड्रोब्रोमाइड' घटक के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने 'डेक्सट्रोमेथॉर्फन हाइड्रोब्रोमाइड' युक्त कुछ निश्चित-खुराक संयोजनों पर प्रतिबंध लगा दिया है।विशेष रूप से उन पर जो एंटीहिस्टामाइन और डिकंजेस्टेंट के साथ मिलाए जाते हैं। मुख्य रूप से 4 साल के बच्चों में उनके उपयोग को सीमित किया गया है। उल्लेखनीय है कि डेक्सट्रोमेथॉर्फन हाइड्रोब्रोमाइड एक कफ सप्रेसेंट है जिसका उपयोग सूखी, अनुत्पादक खांसी से राहत पाने के लिए खांसी की इच्छा को कम करके किया जाता है। यह आमतौर पर सर्दी-जुकाम की दवाओं में अस्थायी राहत के लिए पाया जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों में इन दिनों कफ सिरप से बच्चों की मौत की खबर लगातार सामने आ रही है। राजस्थान, मध्य प्रदेश जैसे कई राज्यों में कफ सिरप पीने से कई बच्चों की मौत हो गई है।

## मुख्य न्यायाधीश पर हमले की कोशिश निंदनीय, आरोपी वकील को मिले सजा : खरगे



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उच्चतम न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने की कोशिश को गंभीर अपराध बताते हुए आरोपी वकील के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने इसे न्यायपालिका की गरिमा पर हमला करार दिया और कहा कि ऐसी मानसिकता समाज में बिलकुल भी जगह नहीं पा सकती।

**घटना की निंदा** :खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म (एक्स) पर वीडियो जारी करते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय में जो घटना हुई, वह अत्यंत निंदनीय है। मुख्य न्यायाधीश या किसी अन्य न्यायमूर्ति का अपमान करने जैसा कृत्य केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि संविधान और न्याय व्यवस्था का अपमान है।

**आचार संहिता के तहत निष्कर्ष** : यह घटना आचार संहिता के भीतर गंभीर उल्लंघन मानी जा सकती है क्योंकि इससे न्यायपालिका की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इसे रोकने और उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

**समाज और न्यायपालिका पर प्रभाव** :उन्होंने बताया कि ऐसी सोच और विचारधारा समाज में गंदगी फैलाने के समान है। यह घटना न्यायपालिका की मर्यादा को ठेस पहुँचाती है और इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

**कदम और सजा की आवश्यकता** :खरगे ने कहा कि ऐसे वकीलों को केवल बार एसोसिएशन द्वारा निंदा ही नहीं, बल्कि कानूनी सजा भी दी जानी चाहिए। संविधान और समानता के खिलाफ सोच रखने वाले वकीलों पर सवाल उठाना आवश्यक है।

## मेडिकल बिल घोटाला : सीबीआई ने डब्ल्यूसीएल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट और निजी केमिस्ट को नागपुर से किया गिरफ्तार

**नागपुर,** (हि.स.)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यहां के कोल एस्टेट, सिविल लाइंस स्थित वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) की डिस्पेंसरी के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. पृथ्वी कृष्ण पट्टा और प्राइवेट मेडिकल स्टोर के मालिक कमलेश एन. लालवानी को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया। आरोप है कि दोनों ने मिलकर मेडिकल बिलिंग में धोखाधड़ी की।

एफआईआर के मुताबिक डॉ. पट्टा ने फर्जी मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन तैयार किए, जिनमें महंगी दवाओं को बिना मरीजों की जानकारी के जोड़ा गया। इसके बाद कमलेश लालवानी ने इन प्रिस्क्रिप्शनों का इस्तेमाल कर बढ़े हुए




बिल बनाए और डब्ल्यूसीएल से भुगतान प्राप्त किया।

दोनों ने मिलकर डब्ल्यूसीएल की सरकारी राशि का गबन किया। सीबीआई ने इस मामले की तहकीकात के लिए कई जगहों पर छापेमारी की है। जांच जारी है। अधिकारियों ने कहा है कि इस जांच से डब्ल्यूसीएल से जुड़ी मेडिकल सेवाओं में चल रहे भ्रष्टाचार का पर्दाफाश होगा।

## ईडी ने अभिनेता दुलकर सलमान समेत 17 लोगों के ठिकानों पर की छापेमारी

**चेन्नई,** (हि.स.)।

- **ममूटी का घर एलमकुलम में, दुलकर सलमान का घर कोच्चि और चेन्नई में है।**

---

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फेमा उल्लंघन के मामले में केरल और तमिलनाडु में 17 जगहों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में मलयालम फिल्मों के मशहूर अभिनेता ममूटी, उनके बेटे दुलकर सलमान, पृथ्वीराज सुकुमारन और अमित चकलक्कल के घर शामिल थे। ईडी ने ममूटी के





एलमकुलम स्थित घर और दुलकर सलमान के कोच्चि व चेन्नई स्थित घरों पर छापा मारा। ईडी की टीम ने कोयंबटूर, कोट्टायम, मलप्पुरम, कोझिकोड और एर्नाकुलम में प्रमुख हस्तियों और व्यापारियों के ठिकानों पर भी कार्रवाई की। जांच में पता चला कि कुछ लोग भूटान और नेपाल के रास्ते महंगी कारें भारत में अवैध तरीके से ला रहे थे, जिनमें टोयोटा लैंड क्रूजर और लैंड रोवर डिफेंडर जैसी गाड़ियां शामिल थीं। ममूटी और दुलकर सलमान अपने चेन्नई स्थित घर पर नहीं थे। पिछले महीने भी सीमा शुल्क विभाग ने उनके घरों पर इसी संबंध में छापेमारी की थी, जिसमें कर कम दाखिल करने और कारों का गलत मूल्यांकन करने के आरोप शामिल थे।

## जुबीन गर्ग मौत मामला : गिरफ्तार डीएसपी संदीपन गर्ग सात दिनों की एसआईटी रिमांड पर

असम के गायक जुबीन गर्ग की सिंगापुर में हुई मौत के मामले में उनके चचेरे भाई संदीपन गर्ग को एसआईटी ने गिरफ्तार किया है। घटना के समय वह नौका पर मौजूद थे। गिरफ्तारी सीआईडी कार्यालय में पूछताछ के तुरंत बाद हुई और उन्हें सात दिन की एसआईटी हिरासत में भेजा गया।

एसआईटी ने कहा कि संदीपन और जुबीन पैसिफिक होटल में एक साथ थे और उन्हें जुबीन के स्वास्थ्य की पूरी जानकारी



थी। इसलिए उन्हें "लास्ट सीन टुगेदर" नीति के तहत पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। एसआईटी ने संदीपन के घर दस्तावेज़ जांच की अनुमति भी मांगी। इससे पहले जुबीन के प्रबंधक और कार्यक्रम आयोजक को भी गिरफ्तार किया गया था। मामला अब भी जांचाधीन है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों के नोडल, वरीय पदाधिकारी एवं आरओ के साथ की बैठक

**पटना,** (हि.स.)।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सारण अमन समीर ने बिहार विधानसभा आम निर्वाचन को लेकर गठित सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, वरीय प्रभारी एवं सभी विधानसभा के आरओ के साथ बैठक किया।कार्मिक कोषांग के माध्यम से उपलब्ध कराए गये सभी कार्मिकों का आज से प्रथम प्रशिक्षण प्रारंभ हो चुका है। छपरा शहर में 10 निर्धारित प्रशिक्षण स्थलों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रशिक्षण में सभी कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य है। कोई भी कर्मी अगर प्रशिक्षण से



अनुपस्थित होगा तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। मेडिकल बोर्ड के रिपोर्ट के आधार पर अथवा विशेष परिस्थिति में जिला निर्वाचन पदाधिकारी की पूर्व अनुमति से ही किसी भी कर्मी को छूट मिल सकती है।
प्रशिक्षण के क्रम में पीओ की डायरी भरने के तरीके, ईवीएम को रेडी करने के तरीके आदि बिंदुओं पर बारीकी से जानकारी देने को कहा गया। ईवीएम का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण भी सभी कर्मियों को दिया जा रहा है।
ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि ईवीएम का फर्स्ट रैंडमाइजेशन 11 अक्टूबर को किया जायेगा, जिसमें ईवीएम को विधानसभा वार पृथक किया जायेगा। इसके बाद ईवीएम को विधानसभावार निर्धारित डिस्पैच स्थल पर वज्रगृह में सुरक्षित रखा जायेगा।
सभी डिस्पैच स्थल को अविलंब रेडी करने का निदेश दिया गया। वाहन कोषांग द्वारा विभिन्न श्रेणी के वाहनों की आवश्यकता एवं उपलब्धता का आकलन किया गया है।
सभी आरओ को कल तक वल्नेरेबिलिटी मैपिंग रिपोर्ट जमा करने को कहा गया।
सोशल मीडिया पर अफवाहजनक, गलत एवं आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर सतत निगरानी रखी जायेगी। इसकी मोनिटरिंग के लिये अलग से सोशल मीडिया कोषांग क्रियाशील है। बैठक में उपविकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सभी कोषांगों के नोडल एवं वरीय पदाधिकारी एवं सभी निर्वाची पदाधिकारी (आरओ) उपस्थित थे।

## बिहार विधानसभा चुनाव में सभी पुराने चेहरों को आजमाएगी कांग्रेस, सीईसी की बैठक फैसला

**पटना,** (हि.स.)।
बिहार विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बुधवार को दिल्ली में बैठक हुई।
सीईसी की बैठक की अध्यक्षता केसी वेणुगोपाल और अजय माकन कर रहे थे। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए जुड़े हुए थे। बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के साथ-साथ सीईसी के सदस्य बैठक में मौजूद थे। बैठक के बाद बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने मीडिया से बातचीत में कहा कि ज्यादातर जीते हुए उम्मीदवारों को फिर से मौका दिया जाएगा। हालांकि, दो विधायकों पर मंथन करना जरूरी है।



उन्होंने दोनो का नाम नहीं लिया, लेकिन वे दो नाम, चेनारी से मुरारी गौतम और दूसरा नाम बिक्रम से सिद्धार्थ सिंह है। मुरारी गौतम ने तो कांग्रेस की सदस्यता से भी आज इस्तीफा दे दिया है।सिद्धार्थ सिंह भी पिछले कई महीनों से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) खेमे में ही दिखाई पड़ रहे हैं। मतलब साफ है कि इन दोनों का पत्ता कट सकता है। बाकी के विधायक को टिकट मिलना लगभग तय है।राजेश राम का कहना था कि जब तक महगठबंधन के सीट शेयरिंग की घोषणा नहीं हो जाती है, तबतक उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की जाएगी । इधर, गठबंधन के घटक दलों का यह जरूर कहना है कि अगले 48 घंटे में सब कुछ साफ हो जाएगा।
दूसरी ओर बिहार में किशनगंज से कांग्रेस पार्टी के सांसद और कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) के सदस्य मोहम्मद जावेद ने बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी ने 25 उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगा दी है।

## कैमूर में दिनदहाड़े सीएसपी संचालक से 2 लाख रुपये और लैपटॉप की लूट, पुलिस जांच में जुटी

**पटना,** (हि.स.)।
कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के बमहौर ब्रह्म स्थान के पास मंगलवार को दिनदहाड़े तीन बाइक सवार अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक से हथियार के बल पर 2 लाख रुपये और लैपटॉप लूट लिया। पीड़ित कृष्णा पाण्डेय बमहौर खास में डीबीजीवी सीएसपी संचालित करते हैं और पानापुर स्थित अपने दूसरे शाखा केंद्र से लौट रहे थे, तभी यह घटना घटी।
घटना मंगलवार की सुबह लगभग 10:30 बजे हुई। अपराधियों ने कृष्णा पाण्डेय के पास रखे बैग को छीना और उससे 2 लाख रुपये और लैपटॉप लूट लिए। इस दौरान उन्होंने उनका मोबाइल फोन भी छीन लिया, जिसे बाद में फेंक दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मोहनिया थानाध्यक्ष और डीआईयू टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।
मोहनिया डीएसपी प्रदीप कुमार ने बताया कि पीड़ित ने अभी तक लिखित शिकायत नहीं दी है, लेकिन लूट का लैपटॉप उनके पानापुर



स्थित दूसरे सीएसपी शाखा से बरामद किया गया है। प्रारंभिक जांच में मामला संदेहास्पद लग रहा है, लेकिन पुलिस इसे कई कोणों से देख रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके।
पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी सहयोग मांगा है और सभी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले का जल्दी से जल्दी खुलासा किया जाएगा और अपराधियों को गिरफ्तार कर कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।
इस घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा की चिंता बढ़ा दी है और लोगों में डर का माहौल पैदा कर दिया है।

# सीट शेयरिंग से पहले राजनीति दलों की ताबड़तोड बैठक, जारी है मान मनउल

**पटना,** (हि.स.)।
**01; जदयू, भाजपा, राजद और लोजपा सहित सभी प्रमुख दलों में बैठकें जारी, निजी आवास पर भी नेताओं की मुलाकातें हो रही हैं।**

-----------------

**02 ; महागठबंधन में अधिकांश सीटों पर सहमति बन चुकी है, केवल एक-दो सीटों पर अंतिम चर्चा शेष है।**

-----------------

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का बिगुल बजते ही राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ गई है। चुनाव तिथियों के ऐलान के बाद पटना और दिल्ली दोनों जगह नेताओं की बैठकें जोर-शोर से चल रही हैं।




पहले चरण के नामांकन की तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित है, लेकिन गठबंधन और महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर सहमति अभी तक नहीं बनी है। बावजूद इसके सभी राजनीतिक दल जीत का दावा कर रहे हैं और नेताओं का जोरशोर से चुनावी रणनीति तैयार करने का सिलसिला जारी है।

**राजद, जदयू और भाजपा में बैठकें जारी** : जदयू, भाजपा, राजद और लोजपा सहित अन्य दलों के कार्यालयों में गहमागहमी का माहौल है। पार्टी कार्यालय में बैठक के बाद बात नहीं बनने पर नेताओं की निजी आवास पर मुलाकातें भी जारी हैं। जदयू कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा की अध्यक्षता में प्रकोष्ठ की बैठकें चल रही हैं। वहीं, मुख्यमंत्री आवास पर भी पिछले तीन दिन से बैठकें हो रही हैं, जिनमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद हैं।

**भाजपा और लोजपा की उच्च स्तरीय बैठक** : भाजपा और लोजपा (रामविलास) के बीच मंगलवार को दिल्ली में बैठक हुई। लोजपा प्रमुख चिराग पासवान से बिहार भाजपा प्रभारी धमेन्द्र प्रधान और बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने मुलाकात की। इस बैठक में भाजपा नेता मंगल पांडेय भी मौजूद रहे। इससे पहले 5 अक्टूबर को धमेन्द्र प्रधान ने गठबंधन में शामिल प्रमुख दलों के शीर्ष नेताओं के साथ भी सीट बंटवारे को लेकर चर्चा की थी।

**महागठबंधन में अंतिम दौर की चर्चा** : महागठबंधन की बैठक में सीट बंटवारे पर अंतिम दौर की बातचीत चल रही है। कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि सभी दलों के बीच सहमति लगभग बन चुकी है और आज शाम तक सीटों की फाइनल सूची जारी हो सकती है। उन्होंने बताया कि अधिकांश सीटें शांतिपूर्वक और मेलजोल के भाव से तय हो गई हैं, बस एक-दो सीटों पर चर्चा शेष है।

## सीजेआई पर हुए हमले पर नीतीश कुमार, चिराग पासवान और जीतन राम मांझी मौन क्यों हैं? : सांसद तनुज पुनिया

**पटना,** (हि.स.)।
प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में लोकसभा सांसद तनुज पूनिया ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। सांसद तनुज पूनिया ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें कलम की ताकत दी थी,आज जब एक दलित उस ताक़त का इस्तेमाल कर के देश की सर्वोच्च न्यायिक कुर्सी पर बैठा है तो ये हमें जूते से डरा रहे है । आरएसएस–भाजपा मानसिकता से प्रेरित लोग लगातार मुख्य न्यायाधीश के



खिलाफ ज़हर उगल रहे हैं। हम इसकी कठोर निंदा करते हैं यह जूता भारत की संवैधानिक अस्मिता पर फेंका गया है,बाबा साहेब के आदर्शों पर मारा गया है, और देश के दलितों के आत्मसम्मान पर मारा गया है। शर्मनाक है कि नीतीश कुमार, जीतन राम मांझी और चिराग पासवान जैसे नेता,जो दलितों के वोट से राजनीति में पहुंचे,आज जब एक दलित और वंचित समाज के सर्वोच्च प्रतिनिधि का अपमान हो रहा है,तब ये सब चुप हैं।उनकी यह चुप्पी राजनीतिक नहीं, नैतिक दिवालियापन की निशानी है।
सांसद तनुज पूनिया ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से बाबा साहब के विचारधारा कलम के साथ रही है और भाजपा आरएसएस से प्राप्त जूते वाली विचारधारा से संचालित होती रही है। मोदी सरकार ने सार्वजनिक उपक्रमों की बिक्री के जरिये दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के संवैधानिक आरक्षण अधिकार पर हमला किया है।
तनुज पुनिया ने कहा केंद्र सरकार द्वारा जब पब्लिक सेक्टर बेचे जा रहे हैं, तब यह साफ़ है कि निजी क्षेत्र में आरक्षण नहीं रहेगा। यह सामाजिक न्याय की रीढ़ पर सीधा प्रहार है। संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, ज्ञान रंजन, नदीम अख्तर अंसारी, निखिल कुमार मौजूद रहें।

## विधानसभा चुनाव के कारण बदली सोनपुर मेला के आयोजन की तिथि, अब 9 नवंबर को उद्घाटन एवं 10 दिसंबर को होगा समापन

### कार्तिक पूर्णिमा स्नान की व्यवस्थाएँ पूर्ववत सुनिश्चित की जाएंगी।

**पटना,** (हि.स.)।
। बिहार प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला-2025 के आयोजन की तिथियों में चुनाव को लेकर बदलाव करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में अनुमण्डल सभागार सोनपुर में बैठक आयोजित की गई।
जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा के अनुरूप सारण जिला में 6 नवंबर को मतदान की तिथि निर्धारित है, इसलिये पूर्व निर्धारित कार्यक्रम



के अनुरूप 3 नवंबर को मेला के शुभारंभ में कठिनाई होगी।
जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रशासनिक तंत्र मतदान कराने की तैयारी में लगा रहेगा, इसलिए मेला की तिथियों में बदलाव करने की आवश्यकता हो रही है। सभी सदस्यों से एक एक कर उनकी राय ली गई। सभी सदस्यों की आम सहमति से मेला का शुभारंभ 9 नवंबर को कराने तथा इसका समापन 10 दिसंबर को कराने का निर्णय लिया गया। इस आशय का प्रस्ताव सरकार को भेजकर सहमति ली जायेगी।
जिलाधिकारी ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर व्यवस्था पूर्व की भांति सुनिश्चित की जायेगी।
बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष, उपविकास आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल, अपर समाहर्त्ता मुकेश कुमार सहित अन्य जिला/अनुमण्डल/प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं स्थानीय समिति के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सरिया लदा ट्रैक्टर और इनोवा कार की जोरदार टक्कर, दो की मौत, दो घायल

**पटना,** (हि.स.)।
पटना जिले के दानापुर के पास खगौल रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के समीप बुधवार सुबह एक भयानक सड़क दुर्घटना हुई। लोहे की सरिया लदा ट्रैक्टर और तेज रफ्तार इनोवा कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में सुदामा यादव (53 वर्ष) और कार चालक सिम्पू कुमार सिंह (29 वर्ष) शामिल हैं। सुदामा यादव, जो रामपंडितपुर, जहानाबाद के निवासी थे, ट्रैक्टर पर मजदूरी कर रहे थे। दुर्घटना के समय ट्रैक्टर पर उनके साथी विनोद यादव मौजूद थे। जानकारी के अनुसार, पटना के पहाड़ी से सरिया लादकर



ट्रैक्टर खगौल रोड पहुंचा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार इनोवा कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर से सुदामा ट्रैक्टर के पीछे के पहिए के नीचे आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक सिम्पू कुमार सिंह भी मारे गए। कार में सवार दो अन्य युवक, सत्यम और आयुष, गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और मृतकों के परिजनों से आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र से पांच लाख रुपये के साथ हिरासत में लिए गए दो संदिग्ध

**पटना,** (हि.स.)।
बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले पटना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। राजधानी पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र अन्तर्गत जेपी गंगा पथ स्थित एनआईटी घाट के पास से बुधवार को वाहन चेकिंग के दौरान 5 लाख रुपये नकद के साथ दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।
पुलिस के अनुसार, एक काले रंग के बैग में 10, 20, 50, 100 और 500 रुपये के नोट पाए गए। यह नकदी एक स्कॉर्पियो गाड़ी से बरामद की गई, जिसमें मौजूद दो व्यक्तियों की पहचान हिलसा निवासी सूचित और



अगमकुआं निवासी विक्रम के रूप में की गई है। प्राथमिक पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे दीदारगंज स्थित आरबी न्यूट्रीशन प्राइवेट लिमिटेड (आटा कंपनी) के कर्मचारी हैं। उनका कहना है कि वे कंपनी के पैसे बैंक में जमा कराने जा रहे थे। हालांकि, वे कोई पुख्ता दस्तावेज मौके पर नहीं दिखा सके।
चुनाव आयोग की आचार संहिता के चलते 49,000 से अधिक कैश लेकर चलना प्रतिबंधित है, जबतक कि उसका स्पष्ट स्त्रोत और दस्तावेज न हों। इसी आधार पर पुलिस ने नकदी को जब्त कर लिया है।
पत्रकारों से बातचीत करते हुए पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्तिकेय के शर्मा ने आदर्श आचार संहिता के पालन को लेकर कई दिशा निर्देश दिए और उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।
पीरबहोर थाना प्रभारी सज्जाद गद्दी ने बताया कि पूरी रकम जब्त कर ली गई है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने सीमावर्ती इलाके के चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण

**पटना,** (हि.स.)।
बिहार विधानसभा चुनाव-2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने की दिशा में प्रशासनिक तैयारियाँ लगातार की जा रही हैं। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी, सारण एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा मांझी थाना अंतर्गत बिहार उत्तर प्रदेश सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित विभिन्न चेकपोस्टों का निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान दोनों पदाधिकारियों ने सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था, वाहनों की जांच प्रक्रिया, संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की तैनाती तथा आदर्श आचार संहिता के पालन की स्थिति



का जायजा लिया।
जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों को निम्न निर्देश दिए
सीमा क्षेत्र से अवैध शराब, नकदी, हथियार या अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है।सभी चेकपोस्टों पर चौबीसो घंटे निगरानी एवं गश्ती दल की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।
वाहन जांच के दौरान पूरी पारदर्शिता एवं शालीनता बरतने हेतु निर्देशित किया गया है। चुनाव से पूर्व किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि या अफवाह फैलाने वालों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# पूर्णिया में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एम सी सी और निर्वाचन व्यय पर कार्यशाला का आयोजन

## निर्वाचन से संबंधित व्यय का लेखा-जोखा दिन-प्रतिदिन दर्ज करने और पंजी का संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं सह-जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को महानंदा सभागार में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए एक विस्तृत बैठक-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य आदर्श आचार संहिता (MCC) और निर्वाचन व्यय अनुश्रवण के नियमों की जानकारी प्रदान करना था।

कार्यशाला में सभी प्रतिनिधियों को निर्वाचन से संबंधित व्यय का लेखा-जोखा दिन-प्रतिदिन दर्ज करने और पंजी का संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश



दिए गए। इसके अतिरिक्त, RPA Act 1951, निर्वाचन नियमावली 1961 तथा BNS 2023 के वैधानिक प्रावधानों की गहन जानकारी भी साझा की गई।

निर्वाचन अभ्यर्थियों को सूचित किया गया कि उनके व्यय पंजी का कम से कम तीन बार व्यय पर्यवेक्षक के समक्ष जाँच कराया जाना आवश्यक है। लेखा-जाँच के दौरान सभी बिल, भाउचर, बीजक और अन्य खर्चों के प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को संधारित करने के लिए दैनिक व्यय रजिस्टर, नकद रजिस्टर और बैंक रजिस्टर बनाए रखने के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 में प्रत्येक उम्मीदवार के लिए अधिकतम व्यय सीमा 40 लाख रूपये निर्धारित की गई है। इसके साथ ही सभी अभ्यर्थियों को चुनावी खर्च के लिए नया बैंक खाता खोलना अनिवार्य किया गया है। उम्मीदवार अपने चुनावी खर्च इसी बैंक खाते के माध्यम से करेंगे, ताकि व्यय अनुश्रवण और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार ने सभी राजनीतिक दलों को यह भी निर्देशित किया कि वे निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार के अनियमित खर्च या दावे से बचें। कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना की और निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने में सहयोग का आश्वासन दिया।

---

1. पूर्णिया में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए MCC और निर्वाचन व्यय पर कार्यशाला का आयोजन।
2. अभ्यर्थियों को दिन-प्रतिदिन व्यय पंजी रखने और लेखा-जाँच हेतु तैयार रहने के निर्देश।
3. प्रत्येक उम्मीदवार के लिए चुनावी व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रूपये, नया बैंक खाता अनिवार्य।
4. RPA Act 1951, निर्वाचन नियमावली 1961 और BNS 2023 के वैधानिक प्रावधानों की गहन जानकारी।

# पूर्णिया में निर्वाचन नियंत्रण कक्ष का समग्र निरीक्षण,डीएम ने अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों को गति देने के लिए बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने समाहरणालय स्थित जिला नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नियंत्रण कक्ष और आपदा नियंत्रण कक्ष को इंटीग्रेटेड रूप से संचालित करने के निर्देश दिए और सभी टेलीफोन नंबर सुचारू रूप से कार्यरत रखने पर जोर दिया। अधिकारियों से आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा कर किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित



करने को कहा गया। निरीक्षण में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे और उन्होंने निर्धारित मानकों के अनुसार व्यवस्थाओं की जानकारी प्रस्तुत की।

डीएम ने भरोसा दिलाया कि नियंत्रण कक्ष के सुचारू संचालन से मतदान प्रक्रिया में कोई रुकावट नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार रहेगा और मतदाता सुरक्षा एवं चुनाव की पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।निर्वाचन कर्मियों, पुलिस बल, स्वास्थ्य और तकनीकी टीमों की तैयारी का भी जायजा लिया गया। इस निरीक्षण से स्पष्ट हुआ कि पूर्णिया जिले में 2025 के बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के लिए सभी आवश्यक इंतजाम पूरे हैं और प्रशासन हर स्थिति से निपटने के लिए सतर्क है।

# पूर्णिया के बाघमारा स्थित सरस्वती विधा मंदिर प्लस टू स्कुल में विभाग स्तरीय स्वावलंबी पूर्व छात्र सम्मेलनआयोजित

## पूर्व छात्रों ने साझा किए अनुभव और प्रेरक विचार,दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ शुभारंभ

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

गुरुवार को सरस्वती विद्या मंदिर +2, श्रीनगर रोड, बाघमारा, पूर्णिया में विभाग स्तरीय स्वावलंबी पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन में विद्या भारती बिहार के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम जी, उत्तर बिहार के प्रदेश सचिव रामलाल सिंह, विद्यालय के सचिव अजय कुमार सिंह, प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह, संकुल प्रमुख बिंदेश्वरी महतो और विभाग के सभी विद्यालय के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।





**सामाजिक जागरण और मार्गदर्शन पर बल** : कार्यक्रम की प्रस्तावना में प्रदेश सचिव लोक शिक्षा समिति, बिहार रामलाल सिंह ने कहा कि समाज में जागरण लाने के लिए पूर्व छात्रों को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन पूर्व छात्र लगातार करते रहें, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आए।

**संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विशेष आयोजन** : यह कार्यक्रम संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत के विश्वगुरु बनने की दिशा में पुरातन छात्र अहम योगदान दे सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों और पूर्व छात्रों से आग्रह किया कि वे ज्ञान और अनुभव साझा करते रहें।

**पूर्व छात्रों ने साझा किया अनुभव और प्रेरणा** : इस सम्मेलन में शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर के ऐसे भैया-बहन शामिल हुए जिन्होंने अपनी पढ़ाई पूर्ण कर डाक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, पत्रकार, व्यवसायी और समाजसेवी के रूप में समाज में योगदान दिया। पूर्व छात्रों ने अपने जीवन और पेशेवर अनुभव को साझा करते हुए वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार शिक्षा और अनुशासन से जीवन में सफलता हासिल की जा सकती है।

**धन्यवाद ज्ञापन और सक्रिय भागीदारी** : कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के सचिव अजय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी और कर्मचारीगण सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम के सुचारू संचालन और विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की।

# पूर्णिया में चुनावी तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार ने गुरुवार को प्रज्ञान सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में एमसीएमसी एवं मीडिया कोषांग के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी तथा प्रतिनियुक्ति कर्मी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान श्री कुमार ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने-अपने कार्य दायित्वों और कर्तव्यों का समय पर और गुणवत्तापूर्ण



निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया में जवाबदेही और सतर्कता बनाए रखने पर विशेष जोर दिय। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक कर्मी को अपने-अपने क्षेत्र में समन्वय स्थापित करना होगा और कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। इस बैठक का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को सुचारू और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देना था।

# पूर्णिया में विधानसभा चुनाव से पहले मद्यनिषेध विभाग की सघन कार्रवाई, 447 गिरफ्तार, 13 हजार लीटर शराब जब्त

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार के निदेशानुसार पूर्णिया जिले में मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग ने शराब विरोधी सघन अभियान तेज कर दिया है। जिले में शराब की बिक्री, निर्माण, भंडारण, परिवहन और सेवन के सभी संवेदनशील स्थानों पर निरंतर छापेमारी, गश्ती और वाहन जांच की जा रही है।



जिलान्तर्गत 1 सितंबर से 7 अक्टूबर, 2025 के बीच विभाग ने कुल 447 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर 13,012.83 लीटर अवैध शराब जब्त की है। इस दौरान 35 वाहनों को भी जप्त किया गया। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद, 6 अक्टूबर से अब तक 21 अभियोग दर्ज कर 35 आरोपियों को जेल भेजा गया और 615.28 लीटर शराब के साथ 5 वाहनों को भी जब्त किया गया।

विशेष जाँच चौकी, दालकोला (डंगराहा) में पालीवार गठित टीम पड़ोसी राज्यों से आने वाले वाहनों की निरंतर सघन जांच कर रही है। विभाग ने जनता से अपील की है कि शराब निर्माण, भंडारण, परिवहन या सेवन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना सीधे सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, पूर्णिया के मोबाइल नंबर 9473400640 या WhatsApp पर साझा करें।

# पूर्णिया में पानी प्लांट कर्मी की संदिग्ध मौत, परिजनों ने जताया हत्या का संदेह

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

केहाट थाना क्षेत्र के न्यू सिपाही टोला स्थित एक पानी प्लांट में मंगलवार सुबह स्टाफ रितेश कुमार सिंह (22 वर्ष) का शव फंदे से लटकता मिला। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से कई अहम साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेजा गया है।

मृतक रितेश शहर के कस्टम ऑफिस के पास साहबान इलाके के निवासी थे और बीते कई वर्षों से पानी प्लांट में काम कर रहे थे। परिजनों ने इस घटना को आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या करार दिया है। रितेश की चाची संगीता देवी ने आरोप लगाया कि उसे मारकर शव को फंदे से लटकाया गया



ताकि मामला आत्महत्या लगे। पुलिस ने बताया कि प्लांट परिसर की बारीकी से जांच की जा रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ भी जारी है। एसआई ने कहा कि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। फिलहाल पुलिस हत्या और आत्महत्या, दोनों पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।

# कसबा प्रखंड में नई ऊर्जा का संचार : नव नियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी ने पदभार ग्रहण किया



**न्यूज स्केल पूर्णिया**

कसबा प्रखंड प्रशासन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। सोमवार को नव नियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कसबा के सर्वांगीण विकास के लिए वे पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और समर्पण के साथ कार्य करेंगी।

पदभार ग्रहण के बाद मधु कुमारी ने स्थानीय पत्रकारों से मुलाकात की। इस अवसर पर पत्रकारों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत और शुभकामनाएं दी।

मुलाकात के दौरान पत्रकारों ने कसबा प्रखंड की विकास योजनाओं, जनसमस्याओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बुनियादी सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की। बीडीओ ने मीडिया की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, "मीडिया समाज का दर्पण है, जो प्रशासन को सही दिशा दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।"

इसी बैठक में आगामी 2025 विधानसभा चुनाव और क्षेत्रीय मामलों पर भी कई बिंदुओं पर अनौपचारिक चर्चा हुई। पत्रकारों और अधिकारियों ने इस बात पर सहमति जताई कि चुनाव के समय शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी।

# पूर्णिया में पोषण माह और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग एवं जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ने बुधवार को जिले के सभी प्रखंडों के आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया।



इस अवसर पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका और आंगनबाड़ी सेविकाओं ने पोषण माह के तहत बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों के साथ-साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रथम बार मतदाता बनने वाले युवाओं को लोकतंत्र में एक मत के महत्व, मतदान प्रक्रिया और मताधिकार के प्रति जागरूक करना था।

खासकर किशोरियों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझा। जिले में आयोजित इस कार्यक्रम से युवाओं में मतदान और लोकतंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान मिला।

# मौसम विभाग का अलर्ट : पूर्णिया में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश के आसार

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पुर्णिया में आज मौसम मुख्यतः बादल-घने और वर्षा-संभावना के साथ रहने की उम्मीद है। मौसम पार्टली क्लाउडी रहेगा और कहीं-कहीं मध्यम बारिश या गरज के साथ बूंदाबांदी हो सकती है।

आज अधिकतम तापमान लगभग 31–33 C के आसपास रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान करीब 25–26 C तक गिरने की संभावना है।

आर्द्रता (ह्यूमिडिटी) सुबह लगभग 78 प्रतिशत दर्ज की गई और शाम तक लगभग 73 प्रतिशत तक बनी रही।

24 घंटे में अभी तक कोई वर्षा रिकॉर्ड नहीं हुई है।

सावधानी और चेतावनी



बिहार के मौसम विभाग और समाचार स्त्रोतों के अनुसार, पूर्वी एवं उत्तरी बिहार सहित पुर्णिया जिले में फ्लैश फ्लड की चेतावनी जारी की गई है, क्योंकि पिछले कुछ दिनों से बारिश बाधित रही है।

साथ ही, बिजली-गरज एवं ओंधे-मेघ की स्थिति से जुड़ी ओरेंज अलर्ट भी कुछ जिलों में जारी की गई है, जिसमें पुर्णिया भी शामिल है।

मौसम विभाग की ओर से सुझाव है कि आप आज गरज-चमक और अचानक बारिश की स्थिति से सतर्क रहें, बाहर निकलते समय छाता या रेनकोट साथ रखें और नदियों के किनारे या संवेदनशील क्षेत्रों से दूरी बनाए रखें।

# विद्या विहार परिसर में उमड़ा खेल भावना का उत्सव :स्वर्गीय रमेश चन्द्र मिश्र स्मृति विद्यालय स्तरीय टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोरा (पूर्णिया) के परिसर स्थित रमेश–विजयलक्ष्मी स्मृति स्टेडियम में बुधवार को खेल और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला, जब स्वर्गीय रमेश चन्द्र मिश्र स्मृति विद्यालय स्तरीय टी–20 क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 (द्वितीय सत्र) का भव्य शुभारंभ हुआ।

इस प्रतियोगिता का आयोजन विद्या विहार क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में किया जा रहा है। इसमें विद्या विहार प्रौद्योगिकी संस्थान, विद्या विहार आवासीय विद्यालय, विद्या विहार करियर प्लस तथा ब्रजेश ऑटोमोबाइल्स, पूर्णिया सहयोगी संस्थाएँ हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यालय स्तर के खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना और खेल संस्कृति को नई दिशा देना है।

**मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि**

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं सुश्री डेज़ी रानी, वरीय उपसमाहर्ता सह जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, पूर्णिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर आर. के. पॉल, निदेशक, विद्या विहार आवासीय विद्यालय ने की।



विद्या विहार जैसी संस्थाएँ खेल के क्षेत्र में आदर्श प्रस्तुत कर रही हैं:डेजी रानी

इस अवसर पर मौजूद मुख्य अतिथि सुश्री डेज़ी रानी ने कहा कि विद्यालय स्तर पर इस तरह के प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास और टीम भावना का संचार करती हैं। विद्या विहार जैसी संस्थाएँ खेल के क्षेत्र में आदर्श प्रस्तुत कर रही हैं।

**शिष्ट अतिथियों की उपस्थिति**

कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथियों में इंजीनियर राजेश चन्द्र मिश्र, सचिव, विद्या विहार आवासीय विद्यालय,इंजीनियर ब्रजेश चन्द्र मिश्र, प्रबंध निदेशक, ब्रजेश ऑटोमोबाइल्स,इंजीनियर प्रशांत शंकर, निदेशक, विद्या विहार करियर प्लस,डॉक्टर सुजीत कुमार, प्राचार्य, विद्या विहार प्रौद्योगिकी संस्थान श्री शिवकुमार पाण्डेय, उपमहाप्रबंधक, बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा)उपस्थित रहे ।

**कार्यक्रम की शुरुआत और श्रद्धांजलि**

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के पुष्पगुच्छ से स्वागत के साथ हुआ। विद्यालय के सचिव इंजीनियर राजेश चन्द्र मिश्र ने स्वागत भाषण में कहा कि खेल केवल मनोरंजन नहीं बल्कि जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सर्वोत्तम माध्यम है। इसके पश्चात सभी अतिथियों, विद्यालय परिवार और खिलाड़ियों ने स्वर्गीय रमेश चन्द्र मिश्र जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर निदेशक इंजीनियर प्रशांत शंकर ने कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में संघर्ष, एकता और खेल भावना का संदेश देती है। प्राचार्य डॉक्टर सुजीत कुमार ने कहा कि विद्या विहार समूह शिक्षा, संस्कृति और खेल तीनों का आदर्श समन्वय प्रस्तुत करता है। शिवकुमार पाण्डेय ने कहा कि विद्या विहार ने जिस सुनियोजित रूप से खेलों को बढ़ावा दिया है, वह जिले के लिए एक उदाहरण है।



प्रतियोगिता सपनों को साकार करने की एक सार्थक प्रयास आर. के. पॉल

इस अवसर पर मौजूद मुख्य अतिथि सुश्री डेज़ी रानी ने कहा कि विद्यालय स्तर पर इस तरह के प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास और टीम भावना का संचार करती हैं। विद्या विहार जैसी संस्थाएँ खेल के क्षेत्र में आदर्श प्रस्तुत कर रही हैं।

**ट्रॉफी अनावरण और उद्घाटन मैच**

स्वर्गीय रमेश चन्द्र मिश्र स्मृति विद्यालय स्तरीय टी–20 क्रिकेट प्रतियोगिता के मौके पर सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से स्वर्गीय रमेश चन्द्र मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और मुख्य अतिथि सुश्री डेज़ी रानी ने प्रतियोगिता की ट्रॉफी का अनावरण किया। इसके बाद फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

**खिलाड़ियों ने किया खेल भावना का उमदा प्रदर्शन**

उद्घाटन मैच सहारा एडवांस्ड वर्ल्ड विद्यालय पूर्णिया और जीनियस पब्लिक विद्यालय पुर्णिया के बीच खेला गया। सहारा विद्यालय ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। दोनों टीमों ने शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया।

### विद्यालय का उद्देश्यराष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर परनाम रोशन करें: ई राजेश चन्द्र मिश्र

सचिव इंजीनियर राजेश चन्द्र मिश्र ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को खेल, अनुशासन और नेतृत्व के गुणों से सम्पन्न बनाना भी है, ताकि आने वाले समय में ये बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करें।




### खेल जीवन के अनुशासन, आत्मबल और समर्पण का प्रतीक :ई. ब्रजेश चन्द्र मिश्र

सचिव इंजीनियर राजेश चन्द्र मिश्र ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को खेल, अनुशासन और नेतृत्व के गुणों से सम्पन्न बनाना भी है, ताकि आने वाले समय में ये बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करें।




**प्रतियोगिता की जानकारी**

यह प्रतियोगिता 8 से 18 अक्टूबर तक चलेगी और फाइनल मैच 23 नवम्बर को खेला जाएगा। कुल 40 विद्यालयों की टीमें इसमें भाग ले रही हैं। प्रारंभिक चरण टी–10 प्रारूप में तथा क्वार्टर फाइनल से आगे टी–20 प्रारूप में मैच खेले जाएंगे। यह प्रतियोगिता टेनिस बॉल प्रारूप में अंडर–17 आयु वर्ग के लिए आयोजित की जा रही है।

**उपविजेता को पुरस्कार**

विजेता टीम को 60,000 रुपये, उपविजेता को 40,000 रुपये तथा सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों टीमों को 15,000 रुपये प्रत्येक का पुरस्कार दिया जाएगा।

मैन ऑफ द सीरीज़ को पूर्ण क्रिकेट किट प्रदान की जाएगी। साथ ही सभी विजेताओं को कप, पदक, प्रमाणपत्र और टी–शर्ट भी दिए जाएंगे।

**लाइव प्रसारण**

सभी मैचों का सीधा प्रसारण विद्या विहार समूह और ब्रजेश ऑटोमोबाइल्स के सामाजिक माध्यमों – फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब चैनलों पर किया जा रहा है, ताकि खेल प्रेमी पूरे बिहार से इस प्रतियोगिता को देख सकें।

**धन्यवाद और सहयोग**

कार्यक्रम की सफलता में विद्या विहार खेल विभाग, सभी शारीरिक शिक्षा शिक्षक तथा विद्या विहार क्रिकेट अकादमी की टीम का विशेष योगदान रहा। सभी के सामूहिक प्रयास से यह आयोजन अनुशासित, ऊर्जावान और ऐतिहासिक बन सका।

**विद्या विहार परिवार का संदेश**

विद्या विहार परिवार का विश्वास है कि शिक्षा और खेल जीवन के दो समान आधार हैं। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास है, जो क्षेत्रीय खेल विकास का नया अध्याय बनेगा।

## परोरा के डीलर शंभू पासवान का आकस्मिक निधन, जनवितरण दुकानदार संघ में शोक की लहर

**न्यूज स्केल हरदा**

के नगर प्रखंड के परोरा पंचायत के परोरा गाँव निवासी 50 वर्षीय जनवितरण प्रणाली के दुकानदार शंभू पासवान का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से जनवितरण प्रणाली दुकानदार संघ में शोक की लहर दौड़ गई है। डीलर संघ के जिला महामंत्री रमेश कुमार पोद्दार ने शोक व्यक्त करते हुए बताया कि दिवंगत शंभू पासवान लगभग दो दशक से अधिक समय से इस क्षेत्र में डीलर थे और जनवितरण प्रणाली विभाग के अच्छे जानकार भी थे।

सूचना के अनुसार, मंगलवार की रात शंभू पासवान घर के पास ताश खेल रहे थे, तभी उनकी तबियत बिगड़ी। परिजन उन्हें इलाज के लिए जीएमसीएच पूर्णिया ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई।उनके निधन से प्रखंड क्षेत्र के सभी जनवितरण प्रणाली दुकानदार मर्माहत हैं और मृतक के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## भवानीपुर में जलनिकासी विवाद में हुई मारपीट, जख्मी अवधेश यादव की इलाज के दौरान मौत, गांव में मातम

**न्यूज स्केल हरदा**



पूर्णिया जिले के कामाख्या ओपी क्षेत्र के भवानीपुर गांव में मंगलवार को बारिश का जमा पानी निकालने को लेकर दो पक्षों में विवाद और जमकर मारपीट हुई, जिसमें गंभीर रूप से जख्मी हुए अवधेश यादव (पिताः स्व. दीप नारायण यादव) की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना ने गांव में मातम और तनाव का माहौल पैदा कर दिया है।

घटना के सम्बन्ध में स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की सुबह भवानीपुर गांव में जमा पानी निकालने को लेकर गुलशन कुमार, उनके पिता शंभू यादव और घर के अन्य सदस्यों के साथ विवाद हुआ , विवाद बाद मे मारपीट मेतब्दील हो गयी जिसमे अवधेश यादव गंभीर रु से घीयल हो गए , जिन्हे प्राथमिक इलाज के लिए राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पूर्णिया में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति देखते हुए उन्हें आगे के इलाज के लिए सिलीगुड़ी रेफर कर दिया। बुधवार को सिलीगुड़ी में इलाज के दौरान अवधेश यादव की मौत हो गई।

मृतक की माता बिमला देवी ने यह आरोप लगाया है कि विपक्षी द्वारा ईंट और सरिया से अवधेश यादव पर हमला किया गया ।इस हमले में अवधेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें कामाख्या ओपी को लिखित आवेदन देकर मारपीट करने वालों के खिलाफ न्याय की गुहार लगाई है। कामाख्या ओपी प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और अग्रेत्तर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।इस घटना ने गांववासियों में शोक और रोष दोनों व्याप्त हैं, वहीं पुलिस तनावपूर्ण स्थिति को नियंत्रित करने में लगी हुई है।

## उपन्यास सम्राट : मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि मिल्लिया बी.एड. कॉलेज में साहित्यिक प्रेरणा का संकल्प

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

मिल्लिया फखरूद्दीन अली अहमद बी.एड. टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, रामबाग में बुधवार को महान कथाकार और “उपन्यास सम्राट” मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि श्रद्धा और साहित्यिक उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज परिवार ने दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर प्रेमचंद को नमन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. शहबाज रिज़वी, शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं सभी प्रशिक्षु छात्र-छात्राएँ शामिल हुए।

**दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ हुआ आगाज**

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और तैलचित्र पर पुष्प अर्पण के साथ हुई। सभी शिक्षकों ने प्रेमचंद के साहित्य की प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि उनके उपन्यास, कहानियाँ और नाटक समाज में व्याप्त असमानताओं, अंधविश्वासों और आम आदमी के संघर्षों का सजीव चित्रण करते हैं। प्रेमचंद का लेखन आज भी समाज को आईना दिखाता है और उनके विचारों से सामाजिक समस्याओं का समाधान संभव है।




**हिंदी के ''उपन्यास सम्राट''थे मुंशी प्रेमचंद : प्राचार्य**

प्राचार्य डॉ. शहबाज रिज़वी ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को वाराणसी के लमही गाँव में हुआ था और 8 अक्टूबर 1936 को उनका निधन हुआ। उन्होंने सरकारी सेवा छोड़कर साहित्य की सेवा को अपनाया। ‘मर्यादा’ और ‘हंस’ जैसी पत्रिकाओं का संपादन करते हुए ‘गोदान’, ‘गबन’, ‘निर्मला’ जैसे कालजयी उपन्यासों से उन्होंने हिंदी साहित्य को नई ऊँचाइयाँ दीं। वे हिंदी के “उपन्यास सम्राट” कहलाए।डॉ. रिज़वी ने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य ग्रामीण जीवन, गरीबी और आम जन की पीड़ा का यथार्थ चित्रण करता है। उनकी कहानियों में पात्रों का मनोवैज्ञानिक चित्रण अत्यंत प्रभावशाली है, जिससे पाठक उनसे आत्मीयता महसूस करता है। उन्होंने प्रेम, विवाह, समाज सुधार और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर भी गहन दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उनके लेखन में उस दौर में भी आधुनिक विचारधारा झलकती थी, यहाँ तक कि “लिव-इन रिलेशनशिप” जैसी अवधारणा की छाया भी उनकी रचनाओं में देखने को मिलती है। यह दर्शाता है कि वे अपने समय से आगे सोचने वाले लेखक थे।अंत में प्राचार्य ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद का साहित्य आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था। उनके विचारों का अनुसरण कर समाज को अधिक समतामूलक और संवेदनशील बनाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रेमचंद के जन्मस्थान लमही में आज भी जिस प्रकार की उपेक्षा दिखाई देती है, वह साहित्य जगत के लिए चिंता का विषय है

**कार्यक्रम में सहभागिता:**

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. शहबाज रिज़वी के साथ सहायक प्राध्यापक श्री ध्रुव कुमार, श्री प्रवीण कुमार सिंह, श्री राजीव कुमार, श्री कुंदन कुमार, सौरभ कुमार, अंसारूल हक, शादाब कौशर, मो. शफीर अहमद, सूरज कुमार, बुनो, सुधा, उमा और बबीता सहित सभी छात्र-छात्राओं की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सबने मिलकर यह संकल्प लिया कि मुंशी प्रेमचंद के साहित्य और विचारों को शिक्षा और समाज में जीवंत बनाए रखेंगे।

## इंडिया गठबंधन की बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा

**न्यूज़ स्केल, बड़हरा कोठी**

बड़हरा कोठी धर्मशाला प्रांगण में मंगलवार अपराह्न तीन बजे इंडिया गठबंधन के घटक दलों – राजद, कांग्रेस, वीआईपी, माले और सांसद पप्पू यादव के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया एवं सांसद निगरानी समिति अध्यक्ष नरेश मोहन मंडल ने की। बैठक में रूपौली और बनमनखी विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय समस्याओं, विकास और समाज कल्याण से जुड़े मुद्दों पर विचार व्यक्त किए। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने विभिन्न सरकारी योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित जानकारी साझा की, जैसे कि ‘माय बहिन योजना’, बिजली आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और रोजगार संबंधी कार्यक्रम। बैठक में उपस्थित सदस्य इस जानकारी को स्थानीय लोगों तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल देने के साथ-साथ क्षेत्र में आमजन की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने पर सहमति व्यक्त की। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी विधानसभा चुनाव में गठबंधन के सहयोगी दलों के बीच सीट साझा करने एवं क्षेत्रीय रणनीति पर विचार किया जाएगा। बैठक के संयोजक वरिष्ठ समाजवादी विचारक प्रो. चंद्रभानु यादव उर्फ लड्डू यादव थे। इस अवसर पर कांतलाल ऋषि, पूर्व मुखिया प्रो. प्रदीप यादव, गणेश मंडल, गुड्डू मंडल, कविंद्र ठाकुर, सुधीर यादव, राजेश यादव, लवकुश, राहुल कुमार, छात्र नेता त्रिभुवन कुमार, माले के कामेश्वर साह, ललन यादव, मो. मस्कुर आलम, रेशमलाल मंडल सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## स्मैक के साथ तीन गिरफ्तार



के0 हाट थाना के द्वारा गस्ती के दौरान कुल 3.60 ग्राम स्मैक को जप्त किया गया। इस कार्रवाई में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में संजय कुमार साह (38 वर्ष), पुत्र स्व0 रामचंद्र साह, निवासी गर्ल्स स्कूल चौक, कचहरी रोड; मो0 फजल (27 वर्ष), पुत्र स्व0 नूर आलम; और शशि कुमार (24 वर्ष), पुत्र स्व0 कृष्ण कुमार चौधरी, निवासी महबूब खां टोला, वार्ड नंबर 13, शामिल हैं। सभी गिरफ्तार आरोपी पूर्णिया जिले के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## पूर्णिया में चुनाव के मद्देनजर पुलिस का सख्त वाहन-जांच अभियान, असामाजिक तत्वों पर निगरानी तेज

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**



बिहार विधानसभा चुनाव-2025 की घोषणा के बाद जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, पूर्णिया के आदेशानुसार सभी थाना क्षेत्रों में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है । इस अभियान के तहत पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रही है । उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर वाहन चेकिंग कर , संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली जा रही है और वाहनों में किसी भी प्रकार की अवैध वस्तु, नकदी और मनी ट्रांसफर के संदिग्ध लेन-देन पर पुलिस की कड़ी नजर है ! इस सम्बन्ध में पुलिस अधिकारियों से मिल रही जानकारी के मुताबिक चुनाव के मद्देनजर ऐसे तत्व जो अवैध गतिविधियों या चुनाव प्रभावित करने वाली गतिविधियों में संलग्न हो सकते हैं, उन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। जिला पुलिस ने सभी थाना क्षेत्रों में सक्रिय होकर यह सुनिश्चित किया कि कोई भी संदिग्ध गतिविधि अनदेखी न रहे। इसके साथ ही, आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की गई और उन्हें किसी भी असामाजिक या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है और चुनाव की प्रक्रिया को सुरक्षित और निष्पक्ष बनाने के लिए सभी प्रकार के आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

इस अभियान के तहत लगातार वाहन जाँच जारी है बुधवार कों इस अभियान के दौरान पुलिस ने जिले भर में वाहन जाँच अभियान चलाया। ।

# राष्ट्रीय पोषण माह : जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई का आयोजन

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर मंगलवार को कसबा प्रखंड के मलहरिया पंचायत के आंगनबाड़ी सेंटर 180 में गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को उनके और होने वाले बच्चे के स्वास्थ्य व पोषण संबंधी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में आईसीडीएस सीडीपीओ कुमारी बसंती पासवान और महिला पर्यवेक्षिका मनीषा कुमारी उपस्थित थीं और उन्होंने गर्भवती महिलाओं को पोषण उपयोग के महत्व के बारे में जागरूक किया।

**स्थानीय स्तर पर पौष्टिक आहार को बढ़ावा**



इया अवसर पर सीडीपीओ कुमारी बसंती पासवान ने कहा कि गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक आहार का अधिक से अधिक उपयोग सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पोषण माह के दौरान जिले की सभी आंगनबाड़ी सेविका, आशा और एएनएम कार्यकर्ता मिलकर विशेष अभियान संचालित करेंगे। इस अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों पर 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन और ऊंचाई/लंबाई मापी जाएगी। इससे बच्चों के पोषण स्तर—सामान्य, कुपोषित या अतिकुपोषितकी जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

**आंगनबाड़ी सेवाओं में सुधार**

कुमारी बसंती पासवान ने यह भी बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं में गुणात्मक सुधार करना और स्थानीय पोषण को बढ़ावा देना है। अभियान के माध्यम से पोषण संबंधी जागरूकता को जन-जन तक पहुँचाने के लिए व्यापक जन आंदोलन चलाया जाएगा।

**गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण मार्गदर्शन**

गोद भराई कार्यक्रम के दौरान मनीषा कुमारी ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों, आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम और महिला चिकित्सकों से नियमित संपर्क में रहकर आहार और स्वास्थ्य संबंधी सलाह लेने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान महिला के शरीर में कई बदलाव होते हैं, इसलिए आहार में विविधता आवश्यक है। ऐसे भोजन का सेवन करना चाहिए जिसमें प्रोटीन, विटामिन, कार्बोहाइड्रेट और वसा की पर्याप्त मात्रा हो।

इस अभियान से न केवल बच्चों के पोषण स्तर का आकलन संभव होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर पोषण को बढ़ावा देकर सामुदायिक स्वास्थ्य में सुधार लाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

# विद्यालयों में पोषण और स्वच्छता कार्यक्रम सुदृढ़ीकर हेतु एकदिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**न्यूज स्केल केनगर**

केनगर प्रखंड के सद्भावना सभागार में विद्यालयों में पोषण और स्वच्छता कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाने के लिए आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया, जबकि अध्यक्षता बीडीओ आशिष कुमार ने की।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में स्वस्थ आहार, स्वच्छता और पोषण जागरूकता से संबंधित गतिविधियों को सशक्त बनाना तथा एनीमिया मुक्त भारत और पोषण वाटिका जैसे कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना था।कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, बीआरपी




(मध्यान्ह भोजन) अजीत कुमार सिंह, यूनिसेफ टीम से राज्य सलाहकार (पोषण) श्री प्रकाश कुमार, डॉ. शोमिला, जिला सलाहकार एएमबी शुभम कुमार और पीएचआईए फाउंडेशन से जिला कोऑर्डिनेटर युगल किशोर, प्रखंड कोऑर्डिनेटर उत्तम कुमार एवं अनिवेश कुमार सहित अन्य विशेषज्ञ उपस्थित थे।कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने विद्यालयों में आईएफए वितरण, बीएमआई मापन, ई-शिक्षाकोष पर डेटा प्रविष्टि, पोषण वाटिका सुदृढ़ीकरण और स्वच्छता गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिभागियों को विद्यालयों में पोषण और स्वच्छता से जुड़ी पहल को सशक्त रूप से लागू करने हेतु प्रेरित किया गया।यूनिसेफ एवं पीएचआईए फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में अंत में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे अपने-अपने विद्यालयों में संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ावा देंगे, ताकि प्रत्येक विद्यार्थी स्वस्थ और पोषित रह सके।

# विद्यालय पोषण कार्यक्रम 'अंकुरण' से बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा में नई ऊर्जा — कसबा में हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**न्यूज़ स्केल, कसबा (पूर्णिया)**

आदर्श मध्य विद्यालय कसबा में शिक्षा विभाग, यूनिसेफ और फिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय पोषण कार्यक्रम 'अंकुरण' को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में आयरन-फोलिक एसिड (आईएफए) अनुपूरण को मजबूत करना, पोषण




वाटिका की स्थापना को प्रोत्साहित करना, छात्रों में स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा का विस्तार करना और बीएमआई आधारित स्वास्थ्य जांच प्रणाली को सशक्त बनाना रहा।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान यूनिसेफ के राज्य सलाहकार प्रकाश सिंह, डॉ. सोमिला, पीएम पोषण योजना के जिला प्रोग्राम प्रबंधक राजीव झा, तथा फिया फाउंडेशन के जिला समन्वयक युगल किशोर ने विद्यालय आधारित पोषण कार्यक्रमों, साफ-सफाई की आदतों, उचित आहार प्रथाओं, सुरक्षित पेयजल, हाथ धोने की महत्ता और पोषण वाटिका की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कहा कि पोषण वाटिका केवल पौष्टिक आहार का स्त्रोत नहीं, बल्कि यह बच्चों को कृषि, पर्यावरण और आत्मनिर्भरता की शिक्षा देने का माध्यम भी है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को ई-शिक्षा कोष एफ पोर्टल के माध्यम से आईएफए रिपोर्टिंग की प्रक्रिया पर भी प्रशिक्षित किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से संकल्प लिया कि पूर्णिया जिले का कोई भी बच्चा कुपोषण, अस्वच्छता या पर्यावरणीय असुरक्षा का शिकार नहीं होगा। सभी विद्यालयों को पोषण-सक्षम, वॉश-सक्षम और क्लाइमेट-स्मार्ट बनाने का लक्ष्य रखा गया।

# पूर्णिया के रुपौली व टीकापट्टी में थानाध्यक्ष के नेतृत्व में फ्लैग मार्च

**न्यूज़ स्केल रुपौली**

रुपौली और टीकापट्टी थाना क्षेत्र में बुधवार को रुपौली थानाध्यक्ष अभय रंजन एवं टीकापट्टी थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने अपने-अपने थाना क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों और बाजारों में बीएसएस के जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया।

आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए यह



कदम इसलिए उठाया गया ताकि थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुनिश्चित रहे और आम मतदाताओं के बीच किसी प्रकार का भय न फैल सके। इससे क्षेत्र के मतदाता शांति-पूर्ण, सुरक्षित और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।फ्लैग मार्च में थानाध्यक्षों के साथ-साथ एसआई, एएसआई, पुलिस बल और बीएसएफ के सशस्त्र जवान भी शामिल हुए। उन्होंने रुपौली, बिरौली बाजार, आझोकोपा सहित अन्य जगहों पर सुरक्षा मार्च किया। वहीं, टीकापट्टी थाना क्षेत्र में टीकापट्टी बाजार, कोहली सिमर पश्चिम पंचायत के भगवा गांव, सपा गांव, नंदगोला गांव, डुमरी गांव आदि स्थानों पर फ्लैग मार्च संपन्न हुआ।

# केनगर में आदर्श आचार संहिता के बाद पुलिस और सुरक्षा बल का फ्लैग मार्च

**न्यूज़ स्केल केनगर**

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद बुधवार की शाम केनगर में फ्लैग मार्च आयोजित किया गया। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO) राजेश कुमार के नेतृत्व में केनगर थाना पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया। फ्लैग मार्च में थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल थे। फ्लैग मार्च केनगर थाना



से शुरू होकर चौक होते हुए प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस थाना परिसर में समाप्त हुआ। SDPO राजेश कुमार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के तहत सार्वजनिक जगहों पर लगे राजनीतिक दलों के बैनर और पोस्टर हटाए जा रहे हैं। साथ ही, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए एरिया डोमिनेशन और वाहन जांच भी की जा रही है।पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से सहयोग का अनुरोध करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था और चुनावी सुरक्षा बनाए रखने के लिए सभी को सतर्क और जागरूक रहना

# भाजपा आईटी एवं सोशल मीडिया की बैठक संपन्न

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र पूर्णिया जिला भाजपा कार्यालय में बुधवार को आईटी सेल एवं सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने की।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान




के सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक एवं मोदी मित्र अभियान पूर्णिया जिला प्रभारी हिरेन कौशिक, प्रदेश सह संयोजक राधारमन सिंह, राजन कुमार, प्रशांत झा, आईटी सेल के जिला संयोजक अमृत चौरसिया, सोशल मीडिया के जिला संयोजक सुभम झा, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुमित सिंह, आशीष गोस्वामी सहित मंडल स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया गया।

बैठक में संगठन सशक्तिकरण, डिजिटल माध्यमों से मतदाताओं तक पारदर्शी व रचनात्मक जनसंपर्क स्थापित करने, सरकार के जनकल्याणकारी विचारों को संविधान सम्मत और आचार संहिता के अनुरूप आमजन तक पहुँचाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

# पूर्णिया डिस्ट्रिक्ट साइक्लिंग एसोसिएशन ने जिला खेल पदाधिकारी डेजी रानी को विदाई सम्मान देकर किया भावभीनी विदाई

**मधेपुरा स्थानांतरण पर, खेल विकास में योगदान को याद कर भावुक हुए पदाधिकारी व खिलाड़ी,**

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया की ऊर्जावान जिला खेल पदाधिकारी श्रीमती डेजी रानी का स्थानांतरण मधेपुरा जिला होने पर पूर्णिया डिस्ट्रिक्ट साइक्लिंग एसोसिएशन द्वारा बुधवार को टेक्सी स्टैंड स्थित होटल में विदाई सम्मान समारोह सह सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर खेल प्रेमियों, संघ पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ, पुष्पमाला, अंगवस्त्र और मोमेंटो भेंट कर भावभीनी विदाई दी।

**पीडीसीए पदाधिकारियों ने कहा "खेल विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा"**

पीडीसीए अध्यक्ष नवीन सिंह एवं सचिव विजय शंकर सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि श्रीमती डेजी रानी के स्थानांतरण से पूरा खेल परिवार दुखी है।

खेल के क्षेत्र में उनके



सराहनीय योगदान को हम चिरकाल तक याद रखेंगे। ऐसे ईमानदार और समर्पित पदाधिकारी बहुत कम मिलते हैं, जो खेल और खिलाड़ियों के हित में तन-मन-धन से कार्य करते हैं।" उपाध्यक्ष आदित्य केजरीवाल ने कहा कि डेजी रानी का कार्यकाल पूर्णिया के खेल इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज रहेगा।

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मिला डेजी रानी का मार्गदर्शन**

मीडिया प्रभारी पवन कुमार पोद्दार ने बताया कि हाल ही में पूर्णिया में आयोजित बिहार स्टेट साइक्लिंग चैंपियनशिप के आयोजन और सफलता में जिला खेल पदाधिकारी श्रीमती डेजी रानी का मार्गदर्शन और सहयोग अतुलनीय रहा। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में न केवल साइक्लिंग बल्कि अन्य खेलों का भी संतुलित और सम्यक विकास हुआ। कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निखरने और राज्य स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिला।

**सम्मान और सामूहिक भोज के साथ हुआ भावनात्मक समापन**

कार्यक्रम में मौजूद पीडीसीए पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने जिला खेल पदाधिकारी श्रीमती डेजी रानी को मोमेंटो, अंगवस्त्र और पुष्पमाला से सम्मानित करते हुए भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

विदाई समारोह के अंत में उपस्थित लोगों ने डेजी रानी के साथ सामूहिक भोजन किया और उनके साथ बिताए यादगार क्षणों को साझा किया।

**सम्मान समारोह में उपस्थित प्रमुख व्यक्ति**

इस अवसर पर नवीन सिंह, विजय शंकर सिंह, आदित्य केजरीवाल, शशांक शेखर सिंह, पवन कुमार पोद्दार, डॉ. आलोक कुमार, आदित्य कर्ण, इंद्रजीत प्रसाद साह, राजू झा, दीपक साह, सोनू पराशर, मनोहर कुमार, नंदकिशोर सिंह, राजीव सिंह उर्फ गुड्डु, अक्षत कुमार, आलोक लोहिया, अनिल लोहिया, और प्रशांत सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

उन्हें नई जिम्मेदारी में सफलता और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**पीडीसीए से विदाई सम्मान पाकर मैं अविभूत हूँ :डेजी रानी**

पूर्णिया की खेल संस्कृति और खिलाड़ियों का साथ जीवनभर याद रहेगा"

कार्यक्रम में उपस्थित जिला खेल पदाधिकारी श्रीमती डेजी रानी ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्णिया पदस्थापन के दौरान उन्हें यहां के खेल संघों, खिलाड़ियों और खेल संस्कृति को करीब से जानने का अवसर मिला। उन्होंने कहा, "पूर्णिया में खेल की समृद्ध परंपरा रही है। खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए जो कुछ भी संभव था, वह मैंने पूरी निष्ठा और समर्पण से किया। मुझे यहां के खेल संघों, खिलाड़ियों और खासकर पीडीसीए के सदस्यों का भरपूर सहयोग और स्नेह प्राप्त हुआ। आज पीडीसीए से विदाई सम्मान पाकर मैं अविभूत हूं। मैं जहां भी रहूंगी, पूर्णिया और यहां के खेल समुदाय का स्मरण सदैव रहेगा।"

# बीएलओ को सौंपी गई फाइनल वोटर लिस्ट 2025 की प्रति

**न्यूज़ स्केल बड़हरा कोठी**

विधानसभा चुनाव की तैयारी के तहत बुधवार को मुख्यालय स्थित विधानसभा चुनाव कार्यालय से बनमनखी एवं रूपौली विधानसभा क्षेत्र के कुल 164 बीएलओ को वोटर लिस्ट 2025 की फाइनल प्रति सौंपी गई।इस अवसर पर प्रतिनियुक्त चुनाव कर्मी प्रशांत कुमार, राजकुमार सिंह एवं नितीश कुमार सिन्हा द्वारा मो. गुफरान, सुधाकर नारायण सिंह, गौतम गोविन्दा, सुमित



कुमार समेत सभी बीएलओ को क्रमवार फाइनल वोटर लिस्ट प्रदान की गई।सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ कैलाशपति मिश्र ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची को अद्यतन कर दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य में चुनाव से 10 दिन पहले तक नए मतदाता अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वा सकते हैं, बशर्ते कि आवेदक की आयु कम से कम 18 वर्ष पूरी हो चुकी हो। बीडीओ ने सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करें ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान के अधिकार से वंचित न रह सके।

# रघुवंशनगर में विधानसभा चुनाव को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

**न्यूज़ स्केल,बड़हरा कोठी**

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर बुधवार को रघुवंशनगर थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष शिशुपाल के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। मार्च में बड़ी संख्या में पुलिस जवानों एवं थानाकर्मियों ने भाग लिया।फ्लैग मार्च का उद्देश्य चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखना, असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखना और मतदाताओं



में विश्वास पैदा करना बताया गया। थानाध्यक्ष शिशुपाल ने कहा कि चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र में लगातार गश्ती बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर प्रिंटिंग प्रेस पर होगी कार्रवाई, नई गाइडलाइंस जारी

**कटिहार,** (हि.स.)। बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। इसको लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, कटिहार की अध्यक्षता में बुधवार को जिला के सभी प्रिंटिंग प्रेस मालिकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



बैठक में बताया गया कि निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार के पोस्टर, पंपलेट आदि का मुद्रण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127(क) के तहत किया जाना अनिवार्य है। प्रेस मालिकों को मुद्रित सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक का नाम एवं पता स्पष्ट रूप से अंकित करना होगा। साथ ही, मुद्रक से विहित प्रपत्र में घोषणा पत्र प्राप्त करना और मुद्रण के तीन दिनों के अंदर मुद्रित सामग्री की चार प्रतियां और मुद्रण से संबंधित सूचना संबंधित निर्वाची पदाधिकारी को समर्पित करनी होगी।

आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें प्रिंटिंग प्रेस का लाइसेंस रद्द होना भी शामिल है। सभी प्रेस मालिकों को विस्तृत निर्देश और प्रपत्र उपलब्ध कराए गए हैं।

## कटिहार रेलमंडल में व्यापारियों की समस्याओं का समाधान को ले रेलवे प्रशासन की पहल

**कटिहार,** (हि.स.)। कटिहार रेलमंडल अंतर्गत आने वाले सभी व्यापारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक डीआरएम सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य रेलवे प्रशासन और व्यापारिक समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था।

बैठक में मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सिंह और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह के नेतृत्व में व्यापारियों के साथ सार्थक और सफल वार्ता हुई।



बैठक में निर्णय लिया गया कि कटिहार मंडल के अंतर्गत सभी गुड्स शेडों में व्यापारियों और मजदूरों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। साथ ही, पूर्व की कुछ रेलवे नीतियों को पुनः व्यापारी हित में लागू करने पर भी चर्चा हुई।

व्यापारियों ने स्टैकिंग पॉलिसी में आवश्यक संशोधन, गुड्स शेड में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सुव्यवस्थित सड़क संपर्क, स्वच्छ जल आपूर्ति, और वैगन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में सुधार जैसी कई व्यावहारिक मांगें रखीं।

बैठक में प्रमुख व्यापारियों में मनोज कुमार लड्डा, सोनू यादव, पिंटू सिंह और सुमन जायसवाल शामिल थे। रेलवे प्रशासन की ओर से वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी अमित सिंह, मंडल परिचालन प्रबंधक अजितेश दास और मंडल वाणिज्य प्रबंधक संगीता मीणा उपस्थित थे। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और आगे भी संवाद बनाए रखने की सहमति बनी।

## अररिया में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों की समीक्षा



**अररिया** (हि.स.)।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 की घोषणा कर दी गई है। अररिया जिले के सभी छह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में द्वितीय चरण का मतदान 11 नवंबर 2025 (मंगलवार) को संपन्न होगा। निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है।

**जिले में तैयारियों की समीक्षा बैठक** : इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अररिया श्री अनिल कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परमान सभागार में सभी कोषांगों के वरीय प्रभारी, नोडल पदाधिकारी एवं सहायक नोडल पदाधिकारियों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचक संबंधी कार्यों की प्रगति की जांच की गई और समयबद्ध कार्यों के निर्देश दिए गए।

**कोषांगों की विस्तृत समीक्षा**
------------------
बैठक में आदर्श आचार संहिता, कार्मिक, वाहन, सामग्री, विधि व्यवस्था, बैलेट पेपर, पोस्टल बैलेट, ETPBMS, मीडिया एवं सोशल मीडिया, निर्वाचन व्यय अनुश्रवण, कम्प्यूटरीकरण, साइबर सुरक्षा, वेबकास्टिंग, आईटी, स्वीप, सी.पी. एम.एफ., प्रशिक्षण, जिला नियंत्रण, शिकायत निवारण एवं वोटर हेल्पलाइन, कम्युनिकेशन प्लान, बजगृह और मतगणना सहित सभी महत्वपूर्ण कोषांगों की समीक्षा की गई। वरीय प्रभारी निर्वाचन सह अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण अजय कुमार ठाकुर सहित सभी संबंधित पदाधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

**निर्वाचन व्यवस्था और प्रशिक्षण** : जिलाधिकारी ने निर्धारित शेड्यूल के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सामग्री प्रबंधन, वाहनों की उपलब्धता, और विधि व्यवस्था के सभी आवश्यक इंतजामों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी नोडल पदाधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता और समयबद्धता के साथ पालन करने को कहा गया। **निर्वाचन की पारदर्शिता और समयबद्धता** : जिलाधिकारी ने सभी कोषांगों को निर्देशित किया कि वे निर्वाचन प्रक्रिया के सभी पहलुओं में पारदर्शिता, समयबद्धता और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करें। बैठक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि अररिया जिले में मतदान शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो।

## जदयू नेता शफाउर रहमान प्रखंड किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष मनोनीत

**अररिया** (हि.स.)।

जदयू के वरिष्ठ नेता शफाउर रहमान उर्फ लड्डू को बिहार सरकार के कृषि विभाग की ओर से अररिया प्रखंड किसान सलाहकार समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

यह मनोनयन सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन योजना आत्मा के अंतर्गत गठित प्रखंड किसान सलाहकार समिति के लिए किया गया है।



शफाउर रहमान उर्फ लड्डू के प्रखंड किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष के रूप में मनोनयन पर जदयू कार्यकर्ताओं और किसानों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

प्रखंड किसान सलाहकार समिति में 20 सदस्यों की कमिटी तैयार की गई है।जिसमें अन्य 19 लोगों का मनोनयन सदस्य के रूप में किया गया है।

प्रखंड किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष के रूप में मनोनयन पर जदयू नेता शफाउर रहमान उर्फ लड्डू ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उनका निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक करेंगे।

## रोशना पुलिस ने विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**कटिहार,** (हि.स.)

जिले के रोशना थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक पिकअप वाहन से 199.635 लीटर विदेशी शराब बरामद की है और एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार तस्कर की पहचान कबर नट पिता हरि प्रसाद के रूप में हुई है। जो मधेपुरा जिले के मुरलीगंज थाना क्षेत्र के गौशाला चेक वार्ड नंबर 2 के निवासी हैं। बरामद सामानों में 199.635 लीटर विदेशी शराब और एक पिकअप वाहन शामिल है।



पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर महानंदा चेक पोस्ट के पास पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली। जिसमें शराब की बड़ी खेप बरामद हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## छात्र की पिटाई मामले में बाल कल्याण समिति ने लिया संज्ञान,आदेश पर जांच के लिए कमिटी गठित



**अररिया** (हि.स.)।

**घटना 15 सितंबर 2025 को हुई, जब छात्र एक्सपायर माइकोनाजोल क्रीम के साथ खेल रहे थे।**

-----------------

**शिक्षक के व्यवहार को विभागीय नियमों के विपरीत करार दिया गया।**

-----------------

जिले के भरगामा आदर्श मध्य विद्यालय में शिक्षक परमानंद साह द्वारा छात्र सम्राट श्रीवास्तव के साथ अमानवीय व्यवहार के तहत की गई पिटाई का मामला सामने आया है। 12 वर्षीय छात्र के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए। इस घटना पर जिला बाल कल्याण समिति ने संज्ञान लिया और शिक्षा विभाग को जांच कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए।

**विभागीय जांच और निष्कर्ष** डीपीओ स्थापना ने शिक्षक परमानंद साह के कृत्य को शिक्षक के आचरण और विभागीय नियमों के विपरीत करार दिया। इसके अलावा, सीएस की जांच में यह पाया गया कि माइकोनाजोल क्रीम आईपी, जो जून 2025 में एक्सपायर हो गई थी, भरगामा पीएचसी से आवंटित नहीं की गई थी। इस क्रीम की पीएचसी में अनुपलब्धता की पुष्टि की गई। बाल कल्याण समिति और शिक्षा विभाग की जांच अब मामले की गहन समीक्षा कर रही है।

**बाल कल्याण समिति ने लिया संज्ञान** : बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दीपक वर्मा ने शिक्षक के कृत्य को गंभीर मानते हुए शिक्षा विभाग को मामले की पूरी जांच कर प्रतिवेदन सौंपने का आदेश दिया। इसके बाद डीपीओ स्थापना ने मध्याह्न भोजन योजना के संचालन पदाधिकारी और भरगामा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को उपस्थापन पदाधिकारी के रूप में जांच करने का अधिकार दिया। जांच के बाद रिपोर्ट डीपीओ को सौंपने को कहा गया।

**घटना का विवरण** : मामला 15 सितंबर 2025 का है। छात्र सम्राट श्रीवास्तव और अन्य छात्र स्कूल परिसर में खेलते समय माइकोनाजोल क्रीम आईपी के साथ खेल रहे थे। यह क्रीम जून 2025 में एक्सपायर हो चुकी थी और आंगनबाड़ी केंद्र संचालिका द्वारा इसे प्रयोग न करने की सलाह दी गई थी। इस दौरान शिक्षक परमानंद साह गुस्से में आ गए और छात्र की अमानवीय तरीके से पिटाई कर दी।

## रानीगंज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत रंगोली निर्माण का आयोजन



**अररिया** (हि.स.)।

जिला के रानीगंज प्रखंड में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाना था।

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों में रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए वोट फॉर बैटर बिहार का संदेश दिया।आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं ने अपने अपने केन्द्रों पर रंगारंग रंगोली का निर्माण कर मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## कोढ़ा पुलिस ने 443.83 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्कर को किया गिरफ्तार



**कटिहार,** (हि.स.)। जिले के कोढ़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार को दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने स्कॉर्पियो और पिकअप वाहन से कुल 443.83 लीटर विदेशी शराब बरामद की है।

गिरफ्तार तस्करों की पहचान सुमन कुमार जयसवाल और राजेश कुमार के रूप में हुई है। सुमन कुमार जयसवाल पूर्णिया जिले के टिक्कापट्टी थाना क्षेत्र के श्रीमता वार्ड नंबर 2 के निवासी हैं, जबकि राजेश कुमार कटिहार जिले के बरारी थाना क्षेत्र के राजा पाकर वार्ड नंबर 8 के निवासी हैं।

पुलिस ने दोनों तस्करों के पास से 443.83 लीटर विदेशी शराब, दो मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन और नकद 4,100 रूपये बरामद किए हैं।कोढ़ा थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम बसगढ़ा की ओर जाने वाली एनएच-31 मार्ग से एक स्कॉर्पियो वाहन द्वारा शराब की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। इसके बाद पुलिस ने वाहन जाँच अभियान चलाया और स्कॉर्पियो वाहन को रोककर तलाशी ली। दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कार्यपालक अभियंता के घर विजिलेंस की छापेमारी



**भागलपुर**, (हि.स.)। भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रणव कुमार के भागलपुर स्थित घर पर विजिलेंस की टीम ने बुधवार सुबह छापेमारी से कर रही है। बताया जा रहा है कि आय से अधिक संपत्ति की शिकायत मिलने के बाद पटना से आई 12 सदस्यीय विजिलेंस टीम ने यह कार्रवाई शुरू की है। टीम सुबह से ही प्रणव कुमार के भागलपुर स्थित आवास पर तलाशी अभियान चला रही है। इस दौरान घर में इंजीनियर प्रणव कुमार मौजूद नहीं हैं लेकिन विजिलेंस अधिकारी परिवार के अन्य सदस्यों से पूछताछ कर रही है।

विजिलेंस टीम के साथ स्थानीय पुलिस बल भी मौके पर तैनात है, ताकि जांच में किसी तरह की बाधा न हो। बताया जा रहा है कि प्रणव कुमार दरभंगा में कार्यरत हैं और भागलपुर में भी अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं। इसी बीच इओयू डीएसपी लव कुमार ने जानकारी दी कि दरभंगा स्थित ठिकाने पर भी एक साथ छापेमारी चल रही है। भागलपुर से टीम ने जमीन के कागजात और कुछ जेवरात जब्त किए हैं, जिन्हें आगे की जांच के लिए अपने साथ ले जाया गया है।

## लक्ष्मीपुर रेलवे स्टेशन के पास सड़क बहा, आवागमन हुआ प्रभावित

**अररिया** (हि.स.)।

अररिया में बहने वाली नदियां के जलस्तर में बुधवार को कमी आई है।

दो दिनों से बारिश नहीं होने के कारण जिले में बहने वाली नदी परमान, बकरा, रतुआ, सुरसर, नूना सहित अन्य नदियों के जलस्तर में कमी देखी जा रही है। लेकिन बाढ़ के हालात अभी भी नरपतगंज, फारबिसगंज, कुर्साकांटा, सिकटी, जोकीहाट आदि प्रखंडों में बना हुआ है।

नदियों के पानी के सड़क पर बहने के कारण कई स्थानों पर सड़क संपर्क भंग हो गया है। फारबिसगंज के पिपरा, अमहारा सहित कुर्साकांटा प्रखंड में भोड़हा हलधरा पथ



लक्ष्मीपुर रेलवे स्टेशन के निकट टूट गया है, जिससे आवागमन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। सड़क से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गई है। बाढ़ के पानी से सुरक्षित ऊंचे स्थानों पर जाने में पीड़ितों को परेशानी हो रही है। ईधर जिला प्रशासन के निर्देश पर संबंधित प्रखंड के अंचलाधिकारी को बाढ़ हुए क्षति का आकलन करने का निर्देश दिया गया है। जिसके बाद अंचलाधिकारी समेत राजस्व कर्मचारी गांव गांव जाकर बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने में लग गए हैं। दूसरी ओर बाढ़ पीड़ितों को सरकार की ओर से अब तक किसी तरह की सहायता नहीं दिए जाने से बाढ़ पीड़ितों में आक्रोश गहराता जा रहा है।

# सुपौल में विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर प्रिंटिंग प्रेस प्रबंधकों की बैठक

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

सुपौल जिला मुख्यालय में आज दिनांक 08.10.2025 को अपराह्न 03:00 बजे सुपौल जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी सावन कुमार, भा०प्र०से० की अध्यक्षता में प्रिंटिंग प्रेस प्रबंधकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के क्रम में निर्वाचन सामग्री जैसे पुस्तिकाएँ, पम्पलेट और पोस्टर के मुद्रण में नियमों और निर्देशों के पालन को सुनिश्चित करना था। बैठक में सुपौल जिले के सभी प्रमुख प्रिंटिंग प्रेस के व्यवस्थापक उपस्थित थे।






**धारा 127क के तहत प्रमुख निर्देश**

------------

बैठक में सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127क के अनुपालन हेतु आवश्यक निर्देश दिये गए। इन निर्देशों में प्रमुख रूप से यह शामिल था कि:

------------

किसी भी निर्वाचन पम्पलेट या पोस्टर का प्रकाशन या मुद्रण तभी किया जा सकता है जब उसके मुख्य पृष्ठ पर स्पष्ट रूप से मुद्रक और प्रकाशक का नाम एवं पता अंकित हो।

------------

कोई भी पम्पलेट तब तक मुद्रित नहीं किया जाएगा जब तक प्रकाशक की पहचान का घोषणा पत्र मुद्रक को दो प्रतियों में नहीं दिया गया हो, और इसे दो विश्वसनीय व्यक्तियों द्वारा सत्यापित किया गया हो।

------------

मुद्रित दस्तावेज़ की प्रतियाँ निर्धारित समय के भीतर मुद्रक द्वारा (1) राज्य की राजधानी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और (2) संबंधित जिला मजिस्ट्रेट को भेजी जाएंगी।

**मुद्रण प्रक्रिया और परिभाषा**
बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी दस्तावेज़ की प्रतियाँ बढ़ाने के लिए हाथ से नकल करना छोड़कर किसी अन्य प्रक्रिया को मुद्रण माना जाएगा, और "मुद्रक" शब्द उसी अनुसार लागू होगा। साथ ही, निर्वाचन पम्पलेट या पोस्टर का तात्पर्य किसी भी प्रिंटेड दस्तावेज, हँडबिल या पोस्टर से है जो किसी उम्मीदवार या उम्मीदवारों के समूह के चुनाव के पक्ष या विपक्ष में वितरित किया जाए। इसमें निर्वाचन सभा की तिथि, समय, स्थान और अन्य विवरण शामिल होंगे।

**उल्लंघन पर दंड** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दी कि उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करने पर:

**छह माह तक कारावास, या दो हजार रुपये तक जुर्माना, या** दोनों दंड लागू हो सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक मुद्रित सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक का नाम एवं पता स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**प्रशासनिक अनुपालन और रिपोर्टिंग** : बैठक में सभी प्रिंटिंग प्रेस प्रबंधकों को आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र "क" और "ख" प्रदान किए गए। सभी प्रेस संचालकों को निर्देश दिया गया कि वे तीन दिनों के भीतर घोषणा पत्र और मुद्रित सामग्री की प्रतियाँ जिला निर्वाचन शाखा, सुपौल को उपलब्ध कराएं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी कहा कि सभी राजनीतिक दल, उम्मीदवार और संबंधित पक्ष इन निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करेंगे। बैठक के अंत में सभी उपस्थित प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्रों में समय पर रिपोर्टिंग और पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सुपौल जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी सावन कुमार ने बैठक समाप्त करते हुए कहा कि चुनाव की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ये सभी निर्देश अनिवार्य हैं और सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालक तथा राजनीतिक दल इन्हें पूरी गंभीरता से पालन करें।

**01:** पम्पलेट/पोस्टर पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम और पता अनिवार्य।

**02 :** मुद्रण से पहले प्रकाशक की पहचान और घोषणा पत्र जमा करना जरूरी

**03:** उल्लंघन पर छह माह तक जेल या 2000 रुपये जुर्माना, या दोनों दंड।

**04:** सभी मुद्रित सामग्री की प्रतियाँ तीन दिनों में जिला निर्वाचन शाखा, सुपौल को उपलब्ध कराना अनिवार्य।

# विधानसभा चुनाव को लेकर सदर अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न भागों में फ्लैग मार्च

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

विधानसभा आम चुनाव-2025 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की प्रतिनियुक्ति अनुमंडल में की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी सदर सह निर्वाची पदाधिकारी 43-सुपौल विधानसभा क्षेत्र इंद्रवीर कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को शहर के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

**सभी प्रखंडों में फ्लैग मार्च और छापेमारी के निर्देश**
अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के साथ फ्लैग मार्च करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही सभी थानाध्यक्षों को आवश्यकतानुसार छापेमारी सुनिश्चित करने, प्रतिबंधित सामग्री जब्त करने और नियम के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।
फ्लैग मार्च के दौरान असिस्टेंट कमांडेंट, पुलिस लाइन के पुलिस उपाधीक्षक, अंचलाधिकारी सुपौल, पुलिस निरीक्षक सुपौल अंचल एवं थाना अध्यक्ष सुपौल उपस्थित रहे। प्रशासन का दावा है कि आगामी चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न होंगे।





**असामाजिक तत्वों पर सख्त नजर और वाहन जांच** : फ्लैग मार्च के दौरान केंद्रीय अर्धसैनिक बलों व स्थानीय पुलिस द्वारा मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्रों में सघन वाहन जांच की गई। अधिकारियों ने बताया कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की अराजकता फैलाने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी थाना क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।


**भयमुक्त वातावरण में मतदान सुनिश्चित करने का संदेश** : फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों में सुरक्षा और विश्वास की भावना पैदा करना है ताकि वे निर्भय होकर मतदान कर सकें। अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि हर मतदाता बिना किसी भय या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

# बलभद्रपुर में बारिश से केले की फसल बर्बाद

## किसानों को भारी नुकसान, डेढ़ एकड़ में लगी खेती नष्ट

**न्यूज स्केल वीरपुर**

बसन्तपुर प्रखंड के बलभद्रपुर पंचायत में बीते दिनों हुई लगातार बारिश और तेज हवाओं से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में खड़ी फसलें पानी और तूफान की मार से बर्बाद हो गई हैं। स्थानीय किसान सत्यनारायण मेहता की डेढ़ एकड़ में लगी केले की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। उन्होंने बताया कि तेज हवाओं के कारण केले के पौधे आधे से टूट गए, जिन पर फल लगे हुए थे। इससे उनकी पूरी फसल चौपट हो गई। इस फसल की अनुमानित लागत लगभग चार लाख रुपये थी, जो अब डूब गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि किसानों को इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन लगातार बारिश और तूफानी हवाओं ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में पानी जमा होने से पौधों की जड़ें भी सड़ने लगी हैं, जिससे आगे और नुकसान की आशंका है। किसानों ने विभाग से खेतों का सर्वे कराकर क्षति का आकलन करने और उचित मुआवजा देने की मांग की है।
वही पूछे जाने पर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी संजीव कुमार तांती ने बताया कि क्षतिपूर्ति की रिपोर्ट तैयार की जाएगी, तब रिपोर्ट बनाया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकारी प्रावधानों के अनुसार किसानों को क्षतिपूर्ति मुहैया कराई जाएगी।



# सामुदायिक रसोई का एसडीएम ने लिया जायजा

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

**स्थानीय लोगों से बाढ़ की स्थिति और जलजमाव की समस्या पर ली जानकारी।**

-----------------

**अंचल अधिकारी को निर्देश— जहां आवश्यकता हो, वहीं चलें राहत किचन, अन्य जगहों पर स्थानीय विमर्श के बाद बंद करें।**

-----------------

अनुमंडल पदाधिकारी सुपौल सदर इंद्रवीर कुमार ने बुधवार को अनुमंडल क्षेत्र में चल रहे विभिन्न राहत शिविरों और कम्युनिटी किचन का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों में रह रहे लोगों से मुलाकात कर उनकी स्थिति की जानकारी ली।



**स्थानीय लोगों से ली जानकारी**
स्थानीय लोगों ने बताया कि बाढ़ का पानी अब काफी हद तक घट चुका है, लेकिन कई स्थानों पर जलजमाव की समस्या अब भी बनी हुई है, जिससे आवागमन प्रभावित है। इस पर एसडीओ ने अंचल अधिकारी सुपौल को निर्देश दिया कि जहां आवश्यक हो, वहां राहत कैंप और किचन जारी रखें ताकि लोगों को समय पर भोजन मिल सके।

**किचन संचालन को लेकर दिए निर्देश** : निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर कम्युनिटी किचन में कम लोगों की उपस्थिति देख एसडीओ ने निर्देश दिया कि जहां अब आवश्यकता नहीं रह गई है, वहां स्थानीय लोगों से विमर्श के बाद किचन को बंद किया जा सकता है।

**बाढ़ पीड़ितों के बीच बैठकर किया भोजन** : एसडीओ इंद्रवीर कुमार ने लोहा सिंह डैम के पास चल रहे कम्युनिटी किचन में बाढ़ पीड़ितों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया और उनसे भोजन की गुणवत्ता व समय पर उपलब्धता के बारे में पूछा। बाढ़ प्रभावित लोगों ने संतोष व्यक्त करते हुए प्रशासनिक टीम का धन्यवाद किया। निरीक्षण के दौरान अंचल अधिकारी आनंद कुमार एवं राजस्व कर्मचारी भी मौजूद थे।

# राघोपुर में हो रहा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन






**न्यूज़ स्केल सुपौल**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है, लेकिन जिले के राघोपुर क्षेत्र में अब भी इसका उल्लंघन खुलेआम जारी है। जिलाधिकारी के सख्त आदेश और प्रशासनिक कार्रवाई के बावजूद विभिन्न राजनीतिक दलों और नेताओं के बैनर-पोस्टर जगह-जगह लटका हैं। बता दें कि आचार संहिता लगते ही राघोपुर प्रशासन की टीम ने अभियान चलाकर सड़कों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक भवनों से राजनीतिक बैनर और पोस्टर हटाए थे। बावजूद इसके, राघोपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के दीवारों पर और कई ई-रिक्शों पर राजनीतिक संदेशों वाले पोस्टर लगा है। इस संबंध में निर्मली एसडीएम सह निर्मली विधानसभा निर्वाची पदाधिकारी धीरज कुमार सिन्हा ने बताया कि सभी बैनर पोस्टर को जल्द ही हटा दिया जाएगा।
जिला प्रशासन ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे आचार संहिता का पूर्ण पालन करें और किसी भी तरह का प्रचार-प्रसार सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति के न करें। साथ ही आम नागरिकों से भी आग्रह किया गया है कि वे ऐसे उल्लंघन की सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन को दें ताकि कार्रवाई की जा सके।

# विधानसभा आम निर्वाचन 2025: मतदान केंद्र और अर्धसैनिक बल आवासन की सुविधाओं का भौतिक सत्यापन




**न्यूज़ स्केल सहरसा**

आज 08 अक्टूबर 2025 को जिला प्रशासन ने विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत विभिन्न मतदान केंद्रों और अर्धसैनिक बल आवासन के लिए चिन्हित भवनों का भौतिक सत्यापन किया। यह कार्य संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में किया गया।
सत्यापन का उद्देश्य मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित करना और आवासन भवनों की उपयुक्तता की जाँच करना था। टीमों ने प्रत्येक स्थल पर मतदाताओं के लिए पर्याप्त जगह, स्वच्छता, शौचालय और विद्युत जैसी सुविधाओं की समीक्षा की। इसके साथ ही अर्धसैनिक बलों के आवासन में सुरक्षा और रहने की आवश्यक व्यवस्थाओं का भी आंकलन किया गया। जिला प्रशासन ने अधिकारियों को सभी केंद्रों और आवासन भवनों को चुनाव तक पूरी तरह तैयार रखने के निर्देश दिए। यह कदम आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में सहायक होगा।

# बीच सड़क पर रखा गया पत्थर दुर्घटना को दे रहा खुला आमंत्रण

**न्यूज़ स्केल पिपरा**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एन एच 106 कमलपुर मोड़ के समीप किशनपुर जाने वाली सड़क पर कई महीनों से बीच सड़क पर कई ट्रेक्टर पत्थर रख दिया गया है। सड़क पर थोड़ी सी जगह बची है जिससे किसी तरह आवाजाही होती है, बाबजूद इन बड़े बड़े पत्थरों को अभी तक नहीं हटाया गया है।
जिसके चलते हमेशा दुर्घटना कि आशंका बनी रहती है. ऐसे में लोग जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने को विवश है। जिससे लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि अब तक कई दुर्घटनाएं भी इसके चलते घट चुकी है ।बाबजूद इसके न तो सम्बंधित विभाग और न ही स्थानीय प्रसाशन
द्वारा इस दिशा में समुचित पहल की जा रही है। जिससे लोगों में काफी आक्रोश है. इस दौरान दर्जनों मौजूद रहे लोगों ने बताया कि पत्थर किस विभाग ने रखा है और किस कार्य से रखा गया है इसकी सूचना हमलोगों को नहीं है. इसकी सूचना कई बार पिपरा प्रशासन को दी गई है लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं की जा रही है। इस पथ से गुजरने वाले हर दिन सैकड़ों वाहन चालकों को हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. क्योंकि बीच सड़क पर पत्थर रखा हुआ है ऐसे में वाहन चालक पत्थर के किनारे से निकलने की कोशिश करते हैं लेकिन बगल से सड़क टूट जाने के कारण यहाँ जानलेवा गड्ढा बन गया है. जिसके चलते खासकर रात को दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. लोगों ने कहा है कि यहां पर अब तक कई दुर्घटनाएं घट भी चुकी है इसके बावजूद प्रशासन द्वारा समुचित पहल नहीं किया जाना लोगों के आक्रोश का कारण बनता जा रहा है.
फिलहाल इसको लेकर लोगों ने प्रखंड प्रशासन से इस दिशा मे समुचित पहल करने की मांग की है।

# एसएसबी ने किया 18 .9 लीटर शराब जब्त

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

45 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बीरपुर की सीमा चौकी भीमनगर ने नाका ड्यूटी के दौरान सीमा स्तंभ संख्या 206/4 के समीप कुल 18.9 लीटर नेपाली शराब को जब्त किया है।जानकारी देते हुए 45वीं वाहिनी कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी सीमा चौकी भीमनगर के जिम्मेवारी क्षेत्र में सीमा स्तंभ संख्या 206/4 के समीप से मादक पदार्थ की तस्करी होने की संभावना है ।इसी क्रम में बिना विलंब एसएसबी के कार्मिको की नाका पार्टी का गठन किया गया।
इसी क्रम में नाका पार्टी सूचना आधारित जगह पर छुप कर बैठ गए कुछ समय के बाद 100 मीटर की दुरी पर कुछ हलचल दिखाई दिया, नाका पार्टी ने उस जगह से एक व्यक्ति को नेपाल की और भागते देखा तभी पार्टी ने व्यक्ति का पीछा किया ।लेकिन अधिक दुरी एवं अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकले।तत्पश्चात उस स्थान पर जा कर देखा तो वहां चार काले रंग की पॉलीथिन में कुछ सामान बरामद किया गया । मौके पर पॉलीथिन की थैली की तलाशी लेने पर पता चला की इन थैली में कुल 18.9 लीटर नेपाली शराब है।
तत्पश्चात आवश्यक कार्यवाही करने के बाद ज़ब्त शराब को पुलिस स्टेशन भीमनगर को सुपुर्द कर दिया गया।
उक्त कार्यवाही के दौरान एसएसबी के मुख्य आरक्षी सामान्य बिधान सिंह एवं अन्य जवान उपस्थित रहें।



# मतदाता जागरूकता अभियान को सक्रिय करने के निर्देश

**न्यूज स्केल मोतीहारी**



उप विकास आयुक्त सह निर्वाची पदाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने आज समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में केसरिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव कार्य की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में केसरिया, संग्रामपुर और कोटवा प्रखंड के विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और प्रखंड स्तरीय सभी कर्मी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए अब तक किए गए कार्यों का मूल्यांकन और समयबद्ध योजना सुनिश्चित करना था।

**मतदान और स्ट्रांग रूम की तैयारी** : बैठक में डिस्पैच सेंटर की तैयारी और मतदान दिवस पर रिसीविंग सेंटर एवं स्ट्रांग रूम की व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी जरूरी कार्य समय पर पूर्ण किए जाएँ। मतदान के दिन कार्य में किसी भी प्रकार की देरी या व्यवधान न हो, इसके लिए सभी कर्मियों को तत्पर रहना होगा।

**नामांकन प्रक्रिया और हेल्प डेस्क की व्यवस्था** : डॉ. प्रदीप कुमार ने निर्देश दिया कि नामांकन की सभी प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक प्रपत्र पहले से तैयार किए जाएँ। साथ ही, प्रत्याशियों की सहूलियत के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने का भी निर्देश दिया गया। नामांकन अवधि में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए सभी पदाधिकारी सतर्क रहें। इस दौरान, सी-विजिल सेल के कर्मियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी शिकायत का समाधान 90 मिनट के अंदर किया जाए और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**मतदाता जागरूकता और विशेष अभियान** : उप विकास आयुक्त ने प्रखंड स्तर पर गठित मतदाता जागरूकता सेल को सक्रिय करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में जीविका, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, विकास मित्र और अन्य संबंधित कर्मियों को लगाया जाए। विशेष रूप से महादलित टोले में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने सभी कर्मियों को समय सीमा का पालन करने और निर्वाचन की आचार संहिता के अंतर्गत कार्य करने की सख्त हिदायत दी।

## बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के लिए पीठासीन और मतदान पदाधिकारियों का मॉक ड्रिल प्रशिक्षण सम्पन्न

**न्यूज स्केल मोतीहारी**



बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 को सफल और निर्बाध रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम मतदान पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी के लिए मॉक ड्रिल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, मोतिहारी और सी एस डी ए भी पब्लिक स्कूल, बनकट, मोतिहारी में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में अधिकारियों को मॉक पोल के संचालन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षुओं को बी यू (Booth Unit), सी यू (Counting Unit) एवं वी वी पैट (VVPAT) को जोड़ने, उनका सही तरीके से उपयोग करने और चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया गया। इससे वे आगामी विधानसभा चुनाव को सुचारु, पारदर्शी और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम का निरीक्षण वरीय नोडल पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग के श्री शैलेंद्र भारती और श्री मुकेश सिन्हा तथा अपर समहर्ता पूर्वी चंपारण, मोतिहारी ने किया। मौके पर संबंधित सुझाव और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की गई। प्रशिक्षण में वरीय मास्टर ट्रेनर नागेंद्र प्रसाद, रमेश कुमार, कमलेश कुमार सिंह, उज्जवल नाथ तिवारी और रामेश्वर राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस प्रकार, यह मॉक ड्रिल प्रशिक्षण विधानसभा चुनाव 2025 के लिए अधिकारियों को पूरी तरह तैयार करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# मीडिया/एमसीएमसी कोषांग ने की निष्पक्ष चुनाव की तैयारी की विस्तृत समीक्षा

**न्यूज स्केल बेतिया**

**01: निर्वाचन के दौरान सभी मीडिया गतिविधियों का डिजिटल एवं भौतिक रिकॉर्ड संधारण अनिवार्य किया गया।**

**02 : सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाएगी, भ्रामक या भड़काऊ सामग्री की तत्काल पहचान होगी।**

**03 : राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों के विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया।**



बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के अवसर पर मीडिया/एमसीएमसी कोषांग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता-सह-वरीय प्रभारी पदाधिकारी मीडिया/एमसीएमसी कोषांग, राजीव रंजन सिन्हा ने की। बैठक में कोषांग के नोडल पदाधिकारी, संबंधित अधिकारी और सहयोगी कर्मी उपस्थित रहे।

**डिजिटल एवं भौतिक रिकॉर्ड संधारण पर विशेष जोर** : बैठक में मीडिया/एमसीएमसी कोषांग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। श्री राजीव रंजन सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मीडिया से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि का रिकॉर्ड डिजिटल और भौतिक दोनों माध्यमों में संधारित किया जाए। यह कदम पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। बैठक में जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी श्री राकेश कुमार, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी श्री अभिषेक मिश्रा, एवं कोषांग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। श्री सिन्हा ने अधिकारियों को टीम भावना के साथ काम करने और निर्वाचन के दौरान मीडिया संबंधी कार्यों को निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न करने का निर्देश दिया।

**सोशल मीडिया एवं मीडिया निगरानी** : अपर समाहर्ता ने कहा कि सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया में प्रसारित सभी सामग्रियों पर सतत निगरानी रखी जाए। किसी भी भ्रामक, भड़काऊ या आचार संहिता का उल्लंघन करने वाली सामग्री को चिन्हित कर तत्काल रिपोर्ट तैयार की जाए। बैठक में सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सक्रिय निगरानी के महत्व पर विशेष बल दिया गया।

**राजनीतिक विज्ञापनों का प्रमाणीकरण** : सिन्हा ने राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों द्वारा प्रकाशित अथवा प्रसारित किए जाने वाले सभी विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण अनिवार्य करने के निर्देश दिए। नोडल पदाधिकारी को यह सुनिश्चित करने कहा गया कि विज्ञापन सत्यापन से संबंधित सभी अभिलेख सुव्यवस्थित रूप से संधारित हों, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका उपयोग किया जा सके।

## पूर्वी चंपारण में चुनाव तैयारी समीक्षा बैठक, सेक्टर पदाधिकारियों और पुलिस को सख्त निर्देश

**न्यूज स्केल पूर्वी चंपारण**



रक्सौल (10) और नरकटिया (12) विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक अधिकारियों की समीक्षा बैठक जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण एवं पुलिस अधीक्षक के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी मतदान प्रक्रिया को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित करना था। बैठक में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों से उनके कार्य दायित्वों पर विस्तृत प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक सहायक निर्वाचक अधिकारी से उनके जिम्मेदारियों और विभिन्न कोषांगों में उनके उत्तरदायित्वों के संबंध में भी जानकारी ली गई। बैठक में संवेदनशील पॉकेट्स, क्रिटिकल और संवेदनशील बूथों के चिन्हित लोगों पर तेजी से बॉन्ड डाउन करने के निर्देश दिए गए। धीमी बॉन्ड डाउन के कारण कई थाना प्रभारी (SHO) को पुलिस अधीक्षक मोतिहारी ने कड़ी फटकार लगाई। अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशानिर्देशों से अवगत कराया गया ताकि मतदान प्रक्रिया में कोई व्यवधान न आए। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में सभी नियमों और दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। इस बैठक से यह स्पष्ट हुआ कि प्रशासन मतदान को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह तत्पर है।

# महिया गांव में सकतपुर थाना की बड़ी कार्रवाई, सैकड़ों लीटर देशी शराब जब्त कर किया नष्ट



**दरभंगा,** (हि.स.)।दरभंगा जिले के सकतपुर थाना पुलिस ने ताराडीह प्रखंड के महिया गांव स्थित पासवान टोला में बड़ी कार्रवाई करते हुए सैकड़ों लीटर देशी शराब जब्त कर नष्ट कर दिया।

जानकारी के अनुसार, सुबह पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पासवान टोला में बड़े पैमाने पर देशी शराब का निर्माण और बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की, जहां पंद्रह से बीस कंटेनरों में भरी देशी शराब बरामद हुई। बरामद शराब को सड़क पर उड़ेलकर नष्ट कर दिया गया।

बताया जाता है कि इस टोले में लगभग 30 से 35 घर हैं, जिनमें से अधिकतर घरों में देशी शराब बनाने और बेचने का काम लंबे समय से चल रहा था। पुलिस ने मौके से कुछ कारोबारियों को गिरफ्तार भी किया है।

थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि क्षेत्र में इस तरह की अवैध गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है। उन्होंने कहा कि हाल ही में ककोढा गांव में भी बाबू साहब के घर से दर्जनों लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई थी।

स्थानीय सूत्रों का कहना है कि देशी या अंग्रेजी शराब कारोबार के पीछे कुछ प्रभावशाली लोग हैं, जो इन गतिविधियों को संरक्षण देकर मोटी कमाई कर रहे हैं। लगातार छापेमारी और गिरफ्तारी के बावजूद क्षेत्र में शराब निर्माण और नशाखोरी थमने का नाम नहीं ले रही है।

थाना अध्यक्ष ने कहा कि "अवैध शराब निर्माण पर पूरी तरह रोक लगाना हमारी प्राथमिकता है, इस दिशा में सघन अभियान

## सोखोदेवरा जेपी आश्रम में लोकनायक की पुण्यतिथि पर उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प



**नवादा,**(हि.स.)।नवादा जिले के कौआकोल जेपी आश्रम सोखोदेवरा में बुधवार को ग्राम निर्माण मण्डल के संस्थापक व संरक्षक भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि मनाई गई।

पुण्यतिथि कार्यक्रम में ग्राम निर्माण मण्डल एवं कृषि विज्ञान केंद्र सोखोदेवरा,नवादा के कर्मियों ने लोकनायक की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का भी संकल्प दिया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत सर्व धर्म प्रार्थना सभा आयोजित कर की गई।

पुण्यतिथि को लेकर आश्रम परिसर एवं जेपी निवास की सामूहिक साफ सफाई भी किया गया।इस अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण समतामूलक समाज के निर्माता थे। उनके पदचिन्हों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ जयवंत कुमार सिंह ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण समर्पित जननायक और मानवतावादी चिंतक के साथ ही अत्यंत शालीन और मर्यादित जीवन जीने वाले व्यक्ति थे। समारोह में मौजूद ग्राम निर्माण मण्डल के दिनेश मण्डल,सुचिता तिर्की,धीरेंद्र कुमार मन्नू,मनोज कुमार एवं केवीके के रौशन कुमार,रविकांत चौबे,शशांक शेखर सिंह,सुमिताप रंजन,अनिल कुमार,अंगद कुमार,सलोनी कुमारी,पिंटू कुमार,श्रवण रविदास आदि ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के जीवनी एवं भारत निर्माण में उनके द्वारा किये गए योगदानों पर विस्तृत रूप से चर्चा किया एवं देश के विकास में उनके द्वारा किये गए योगदानों का बखान किया।

# जिला दंडाधिकारी ने मंडल कारा में चलाया सघन जांच अभियान



**नालंदा, बिहारशरीफ** (हि.स.)। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर मंडल कारा बिहारशरीफ में आज बुधवार को प्रातः काल कुंदन कुमार जिला दंडाधिकारी व भारत सोनी पुलिस अधीक्षक नालंदा के द्वारा औचक सघन छापेमारी तलाशी एवं जांच अभियान चलाया गया।आज सुबह 2 घंटे तक मंडल कारा के सभी 24 वार्डो, अस्पताल, भंसा ,महिला खंडो, उच्च सुरक्षा कक्ष एवं संपूर्ण कारा का सघन जांच किया गया।

सघन छापेमारी में किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री कारा के अंदर बरामद नहीं हुई।सघन छापेमारी अभियान में अनुमंडल पदाधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक दो पुलिस उपाधीक्षक 20 इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर एवं लगभग 115 पुलिस बल शामिल थे ।जिला दंडाधिकारी के द्वारा कारा निरीक्षण के उपरांत मंडल कारा बिहारशरीफ परिसर में अवस्थित विदेशी महिला अस्थाई संसीमन केंद्र का निरीक्षण किया गया,जिसमें 6 बांग्लादेशी महिलाओं को रखा गया है ।

निरीक्षण के क्रम में उनकी सुरक्षा व्यवस्था एवं दी जाने वाली सुविधाओं को उन्होंने स्वयं देखा साथ ही विदेशी महिलाओं को स्वदेश निर्वासन हेतु सभी प्रक्रियाओं को त्वरित कार्रवाई हेतु उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है।

# शरद पूर्णिमा उत्सव में उमड़े संघ के स्वयंसेवक



**पूर्वी चंपारण,**(हि.स.)।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रक्सौल नगर द्वारा शरद पूर्णिमा उत्सव का आयोजन रामजानकी मंदिर परिसर में किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों स्वयंसेवक एकत्र हुए। कार्यक्रम की शुरुआत शाखा के नियमित कालांश से हुई। स्वयंसेवकों ने पहले आसन और व्यायाम किया। इसके बाद विभिन्न खेलों में भाग लेकर शाखा की गतिविधियों को संपन्न किया। तत्पश्चात सभा का आयोजन हुआ।इसमें उत्तर बिहार प्रांत के सह प्रांत संघचालक प्रोफेसर राजकिशोर सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि संघ वर्ष भर में छह प्रमुख उत्सव मनाता है। इनमें शरद पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस दिन का स्वयंसेवक पूरे वर्ष इंतजार करते हैं। उन्होंने कहा कि संघ ने शून्य से शताब्दी वर्ष तक का सफर तय करने में कई पड़ाव देखे हैं। कुछ बाल और तरुण स्वयंसेवकों से शुरू हुआ यह कार्य आज वटवृक्ष के रूप में खड़ा है। वर्तमान में संघ की 80 हजार से अधिक शाखाएँ 40 से अधिक देशों में संचालित हो रही हैं। यह सब स्वयंसेवकों के तप और त्याग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिस दिन देश में रामराज्य की स्थापना होगी, उसी दिन संघ का लक्ष्य पूरा होगा।

संघ का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में जनजागरण लाना है। उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष में सात विशेष कार्यक्रम होंगे। इसके तहत प्रत्येक हिंदू घर तक संपर्क अभियान चलाया जाएगा। संघ का प्रयास है कि भारत पुनः विश्वगुरु बने। उन्होंने शरद पूर्णिमा का वैज्ञानिक और धार्मिक महत्व भी बताया।

कार्यक्रम में नगर कार्यवाह भरत चौरसिया, जिला कार्यवाह दुर्गेश कुमार, विकास कुमार, सुबोध कुमार, चैतन्य कुमार, अमरेंद्र पांडेय, नीतीश कुमार, मनोज कुमार, सचिन कुमार, हेमंत कुमार, धीरज, प्रशांत, सूरज, रजनीश प्रियदर्शी, चंद्रकांत तिवारी, कन्हैया सर्राफ सहित अनेक स्वयंसेवक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और अनुशासन का वातावरण रहा।



# वायु सेना दिवस : हिंडन एयरबेस पर दिखी भारतीय वायुसेना की ताकत, परेड में शामिल हुए राफेल, सुखोई और मिग-29

**गाजियाबाद**, (हि.स.)। भारतीय वायुसेना ने बुधवार को अपने 93वें वायुसेना दिवस पर गाजियाबाद के हिंडन एयर बेस पर एक विशाल परेड आयोजित करके अपनी ताकत, शौर्य एवं पराक्रम का प्रदर्शन किया। परेड में राफेल, सुखोई और मिग-29 जैसे लड़ाकू विमानों के साथ-साथ भारत के स्वदेशी नेत्रा, सी-17 ग्लोबमास्टर, स्वदेशी आकाश सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, सी-130जे हरक्यूलिस, लॉन्गबो रडार से सुसज्जित अपाचे अटैक हेलीकाप्टर, एडवांस लाइट हेलीकाप्टर ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। इससे पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने भारतीय वायु सेना, थल सेना और नौसेना के प्रमुखों के साथ राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस साल भारतीय वायुसेना की 92वीं वर्षगांठ की थीम "भारतीय वायुसेनाः सक्षम, सशक्त और आत्मनिर्भर है और यह दिवस ऑपरेशन सिंदूर के वीर योद्धाओं को समर्पित है। इस अवसर पर 97 वीरता पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने वायु योद्धाओं को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि ऑपरेशन सिंदूर इस बात का एक शानदार उदाहरण है कि सावधानीपूर्वक योजना, अनुशासित प्रशिक्षण और दृढ़ निश्चय के साथ क्या हासिल किया जा सकता है। उन्होंने हिंडन एयर बेस पर परेड का निरीक्षण किया और वायुवीरों को सम्मानित किया।

परेड के दौरान वायुसेना के विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों ने आसमान में अपनी कला का प्रदर्शन किया। विमानों से तिरंगा भी लहराया गया, जो देश के प्रति वायुसेना के समर्पण को दर्शाता है।

## छत्तीसगढ़ के आरकेएम पॉवर प्लांट में लिफ्ट गिरने से चार मजदूरों की मौत, छह घायल

**कोरबा/सक्ती,** (हि.स.)। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिला में स्थित आरकेएम पॉवर प्लांट में लिफ्ट गिरने से 4 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 6 से अधिक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, घायलों को रायगढ़ रेफर कर दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक हरीश यादव ने बुधवार को घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मंगलवार की देर रात सफाई और बॉयलर मशीन की मरम्मत के लिए मजदूर लिफ्ट से ऊपर जा रहे थे, तभी



लिफ्ट का चैन टूट गया और करीब 40 मीटर की ऊंचाई से लिफ्ट नीचे गिर गई। हादसे में 2 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 मजदूरों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अन्य 6 मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें रायगढ़ अस्पताल रेफर किया गया है।

पुलिस के अनुसार मृतक मजदूरों में अंजनी कुमार कनोजिया (29) निवासी सोनभद्र उत्तर प्रदेश, मिश्री लाल (45), सोनभद्र, उत्तर प्रदेश, रविन्द्र कुमार (35) निवासी झारखंड और बबलू प्रसाद गुप्ता (26) निवासी सोनभद्र उत्तर प्रदेश शामिल हैं।घायल मजदूरों में विजय सिंह (32) सोनभद्र उत्तर प्रदेश, रामसिंह (27) सोनभद्र उत्तर प्रदेश, संजय कुमार (22) सोनभद्र उत्तर प्रदेश , रामकेश (26) सोनभद्र उत्तर प्रदेश, बलराम (38) उत्तर प्रदेश और रतन सिंह (34) उत्तर प्रदेश शामिल हैं। घटना के बाद से मजदूरों में भारी आक्रोश है। तनाव की स्थिति को देखते हुए पॉवर प्लांट और उसके आपपास पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

## एसबीआई जैसे बैंक अधिग्रहण वित्तपोषण को संभालने में सक्षम : शेट्टी



**मुंबई,** (हि.स)। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा ऋणदाता अधिग्रहण वित्तपोषण संभालने में सक्षम है। उन्होंने वार्षिक ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 के दौरान कहा कि भारतीय कंपनियों के विदेशी संस्थाओं के अधिग्रहण के लिए एसबीआई आउटबाउंड विलय और अधिग्रहण वित्तपोषण कर रहा है। शेट्टी ने बताया कि रिजर्व बैंक द्वारा दी गई लंबी संक्रमण अवधि के कारण ईसीएल आधारित प्रणाली में बदलाव का बैंक की बैलेंस शीट पर सीमित प्रभाव होगा।

**डिजिटल समावेशन और यूपीआई की भूमिका** : शेट्टी ने डिजिटल समावेशन पर जोर देते हुए कहा कि बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों तक फिनटेक की पहुंच महत्वपूर्ण है। उन्होंने यूपीआई के माध्यम से ऋण संग्रह और व्यापारियों के वित्तपोषण विकल्पों के विकास पर प्रकाश डाला। बैंक किसानों के लिए कृषि ऋण वितरण में यूपीआई के इस्तेमाल की संभावनाओं की भी तलाश कर रहा है।

**प्रधानमंत्री जन धन योजना में योगदान** : एसबीआई के चेयरमैन ने बताया कि बैंक 52 करोड़ ग्राहकों को सेवाएं देता है। प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 15 करोड़ ग्राहकों को जोड़ा गया है। शेट्टी ने कहा कि यूपीआई और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए वित्तीय समावेशन में बैंक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## "सुबह पेट साफ करने के आसान और प्रभावी उपाय : कब्ज और सख्त मल से तुरंत राहत"

सुबह पेट साफ होना पूरे दिन की ताजगी और स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। लेकिन कब्ज और सख्त मल की समस्या शरीर को असहज बना देती है और पेट दर्द का कारण बनती है। इसे दूर करने के लिए कुछ आसान उपाय अपनाए जा सकते हैं।

**1. पर्याप्त पानी पिएं**: दिनभर में कम से कम 8–9 गिलास पानी पीने से शरीर हाइड्रेटेड रहता है। इससे मल नरम होता है और आंतों से आसानी से निकलता है, जिससे कब्ज दूर होती है।

**2. ईसबगोल का सेवन**: रात में सोने से पहले गुनगुने दूध में ईसबगोल मिलाकर पीने से मल नरम और भारी बनता है। इससे सुबह पेट स्वाभाविक रूप से साफ होता है।

**3. खाली पेट गुनगुना पानी**: सुबह एक गिलास गुनगुने पानी में नींबू और काला नमक मिलाकर पीने से पाचन तंत्र सक्रिय होता है और कब्ज दूर होती है।

**4. मेथीदाना**: रातभर भिगोए मेथीदाने को सुबह चबाकर और पानी के साथ सेवन करने से कब्ज और गैस की समस्या में राहत मिलती है। इन उपायों को नियमित अपनाने से पेट साफ रहता है, पाचन सुधारता है और



शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं। नियमित अभ्यास से कब्ज जैसी समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

## डायबिटीज़ और हाई ब्लड प्रेशर : किडनी के लिए खतरा

आज के समय में डायबिटीज़ और हाई ब्लड प्रेशर दो ऐसी बीमारियाँ हैं जो धीरे-धीरे किडनी को नुकसान पहुंचाती हैं। गोरखपुर के रीजेंसी हॉस्पिटल के नेफ्रोलॉजिस्ट, डॉ. अर्पित श्रीवास्तव के अनुसार, किडनी शरीर से अतिरिक्त पानी और टॉक्सिन्स निकालने का काम करती है। डायबिटीज़ में लगातार बढ़ा हुआ ब्लड शुगर किडनी की नलिकाओं को नुकसान पहुंचाता है,



जिससे खून का प्रवाह और फ़िल्ट्रेशन प्रभावित होता है। इस स्थिति को डायबिटिक नेफ्रोपैथी कहते हैं, जिसमें प्रोटीन मूत्र के साथ बाहर आने लगता है और समय पर इलाज न होने पर किडनी फेलियर तक पहुंच सकता है। अगर डायबिटीज़ के साथ हाई ब्लड प्रेशर भी हो, तो रक्त वाहिकाओं को और अधिक नुकसान होता है, जिससे किडनी में सूजन और टिशू डैमेज होता है। इसके कारण थकान, मितली, पैरों में दर्द जैसी समस्याएँ भी शुरू हो जाती हैं।

किडनी को सुरक्षित रखने के लिए ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर का नियमित नियंत्रण, जीवनशैली में सुधार, समय-समय पर जांच और उचित उपचार जरूरी हैं।

## राशिफल : 08 अक्टूबर, 2025

मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

मिथुन : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

सिंह : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार है। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मङ्क्षचतन करे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्घि होगी। शुभांक-3-6-9

कुम्भ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

वृष : बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-4-6-8

मीन : लाभ में आशातीत वृद्घि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

## पंचांग : 09 अक्टूबर, 2025

09 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति
सूर्य कन्या में
चंद्र मेष में
मंगल तुला में
बुध तुला में
गुरु मिथुन में
शुक्र सिंह में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में

लग्नारंभ समय
तुला 06.34 बजे से
वृश्चिक 08.49 बजे से
धनु 11.05 बजे से
मकर 13.10 बजे से
कुंभ 14.57 बजे से
मीन 16.29 बजे से
मेष 18.00 बजे से
वृष 19.40 बजे से
मिथुन 21.38 बजे से
कर्क 23.52 बजे से
सिंह 02.08 बजे से
कन्या 04.20 बजे से

गुरुवार 2025 वर्ष का 282वां दिन
दिशाशूल दक्षिण ऋतु शरद।
विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) पक्ष कृष्ण
तिथि तृतीया 22.55 बजे को समाप्त।
नक्षत्र भरणी 20.03 बजे को समाप्त।
योग वज्र 21.32 बजे को समाप्त।
करण वणिज 12.38 बजे तदनन्तर विष्टि 22.55 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 17.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 060 17'
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872492
जूलयन दिन 2460957.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1447
महीना रबी उस्सानी
तारीख 16




# प्रधानमंत्री ने भारत यात्रा पर आए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर का स्वागत किया

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भारत की यात्रा पर मुंबई पहुंचे ब्रिटेन के अपने समकक्ष केअर स्टार्मर का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनकी भारत यात्रा को ऐतिहासिक बताया। स्टार्मर ब्रिटेन से अब तक के सबसे बड़े व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ यहां पहुंचे हैं।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक्स' पोस्ट पर लिखा, 'ब्रिटेन के अब तक के सबसे बड़े व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत की अपनी पहली ऐतिहासिक यात्रा पर प्रधानमंत्री कीर स्टारमर का स्वागत है। एक मज़बूत और पारस्परिक रूप से समृद्ध भविष्य के हमारे साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए कल की हमारी बैठक का बेसब्री से इंतज़ार है।' ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर दो दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंच गए हैं। वह आज सुबह वह मुंबई स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार तथा महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने उनका स्वागत किया। यह प्रधानमंत्री स्टारमर की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर 8 से 9 अक्टूबर तक भारत के दौरे पर हैं। आधिकारिक बयान के मुताबिक 9 अक्टूबर को सुबह करीब 10 बजे प्रधानमंत्री मोदी मुंबई में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर की मेजबानी करेंगे। दोपहर लगभग 1:40 बजे दोनों देशों के प्रधानमंत्री मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में सीईओ फोरम में भाग लेंगे। इसके बाद दोपहर लगभग 2:45 बजे दोनों प्रधानमंत्री ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 के छठे संस्करण में शामिल होंगे। वे फेस्ट में मुख्य संबोधन भी देंगे।

# हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर बस हादसे में कई परिवारों के बुझ गए चिराग, 16 की मौत, दो बच्चे सुरक्षित बचाए

## भूस्खलन से दहला बिलासपुर, पीएम ने जताया शोक, मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख की सहायता

**हिमाचल,** (हि.स.)।

**1 हादसे में बस में सवार कुल 18 लोग थे, दो बच्चे जिंदा निकले।**

**2 8 वर्षीय शौर्य और 10 वर्षीय आयूषी को मलबे से बचाया गया।**

**3 मृतकों में 9 पुरुष, 4 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं।**



हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के झंडुता उपमंडल के भल्लू पुल के पास मंगलवार शाम हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया। पहाड़ी से अचानक गिरे भारी मलबे की चपेट में आने से मरोतम से घुमारवीं जा रही निजी बस 'संतोषी' दब गई। हादसे में 16 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि दो छोटे बच्चे जीवित मिले। बस में कुल 18 लोग सवार थे।

**बारिश और अंधेरे में चला राहत अभियान :** स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस, प्रशासन और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं। बारिश और अंधेरे के बावजूद पूरी रात राहत-बचाव कार्य चलता रहा। बुधवार सुबह तक सभी शवों को मलबे से निकाल लिया गया। एनडीआरएफ के जवान स्निफर डॉग्स की मदद से क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी रखे हुए हैं।

**चमत्कारिक रूप से बचे दो मासूम :** आठ वर्षीय शौर्य और उसकी दस वर्षीय बहन आयूषी को जब मलबे से सुरक्षित निकाला गया तो हर आंख नम हो गई। दोनों की मां कमलेश कुमारी की इस हादसे में मौत हो गई। बच्चे फिलहाल एम्स बिलासपुर में भर्ती हैं और खतरे से बाहर हैं। मृतकों में 9 पुरुष, 4 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं।

**प्रधानमंत्री ने जताया शोक, जांच की मांग तेज**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर गहरा शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता की घोषणा की है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है, उनका कहना है कि पहाड़ी पर भूस्खलन का खतरा पहले से था, लेकिन समय रहते कदम नहीं उठाए गए। यह हादसा एक बार फिर हिमाचल की सड़कों पर मंडराते खतरे की चेतावनी बन गया है।

# राजौरी जिले के धार सखरी गाँव व उधमपुर जिले में आतंकवाद रोधी अभियान जारी



**राजौरी,** (हि.स.)। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवाद रोधी अभियान बुधवार को भी जारी रहा। धार सखरी गांव में मंगलवार देर रात सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई संक्षिप्त गोलीबारी के बाद आज पूरे इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार की मुठभेड़ में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सुरक्षा बलों ने इलाके की कड़ी घेराबंदी कर दी है और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। जनता को घरों में बने रहने की सलाह दी गई है। इस दौरान, उधमपुर जिले के बसंतगढ़ के धरनी टॉप इलाके में भी बुधवार को तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया गया। यह अभियान कुछ स्थानीय लोगों द्वारा तीन संदिग्ध आतंकवादियों की गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद चलाया गया। बसंतगढ़ वन क्षेत्र पहले भी आतंकवादियों की गतिविधियों का केन्द्र रहा है, जहां कई बार मुठभेड़ें हुई हैं। 26 जून को इसी क्षेत्र में आतंकवादी कमांडर हैदर उर्फ मौलवी मारा गया था। सुरक्षा बल जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों, उनके समर्थकों और सक्रिय कार्यकर्ताओं के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे हैं। इसके साथ ही ड्रग तस्करों और हवाला रैकेट में शामिल लोगों पर भी निगरानी रखी जा रही है, क्योंकि माना जाता है कि इन रैकेट से जुटाया गया धन आतंकवाद को बनाए रखने में इस्तेमाल होता है। इस तरह के व्यापक अभियान सुरक्षा बलों की सक्रियता और आतंकवाद समाप्त करने की रणनीति को दर्शाते हैं।

# राजस्थान : सीकर के श्रीमाधोपुर के नजदीक मालगाड़ी पटरी से उतरी

**जयपुर,** (हि.स.)। राजस्थान के सीकर जिले में मंगलवार देर रात श्रीमाधोपुर रेलवे स्टेशन के नजदीक एक बड़ा रेल हादसा हुआ, जिसमें फुलेरा से रेवाड़ी जा रही मालगाड़ी के 38 डिब्बे पटरी से उतर गए। मालगाड़ी में चावल लदा था। घटना के कारण रींगस-श्रीमाधोपुर कॉरिडोर पर रेल यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। रेलवे कर्मचारी क्रेन और भारी मशीनों की मदद से डिब्बों को हटाने में जुटे हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल रेल प्रबंधक रवि जैन ने बताया कि दुर्घटना बी केबिन क्षेत्र में मेन लाइन से लूप लाइन पर ट्रैक बदलते समय हुई। एक डिब्बा पटरी से उतरते ही पीछे के लगभग 38 डिब्बे एक के बाद एक पटरी से उतर गए। हादसे की जानकारी मिलते ही रेलवे के उच्च अधिकारी और तकनीकी टीम मौके पर पहुंचे। फिलहाल



किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। रेलवे ने इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। इस हादसे के चलते कई मालगाड़ियों का संचालन रोका गया और कुछ को वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट किया गया। ध्यान देने वाली बात यह है कि मालगाड़ी के ट्रैक और पैसेंजर ट्रेनों के ट्रैक अलग हैं, इसलिए किसी पैसेंजर ट्रेन को कोई नुकसान नहीं हुआ। यह चौबीस घंटों के भीतर राजस्थान में मालगाड़ी पटरी से उतरने की दूसरी घटना है। मंगलवार सुबह बीकानेर मंडल में भी 37 डिब्बे पटरी से उतर चुके थे।

# पश्चिम बंगाल जैसा लोकतंत्र किसी भाजपा शासित राज्य में नहीं : सायनी घोष

## – त्रिपुरा दौरे पर तृणमूल का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल हुआ

**कोलकाता,** (हि.स.)। त्रिपुरा में तृणमूल कांग्रेस कार्यालय पर हुए हमले को लेकर पार्टी की ओर से सियासी तापमान बढ़ने लगा है। बुधवार सुबह तृणमूल कांग्रेस का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल हालात का जायजा लेने के लिए अगरतला रवाना हुआ। रवाना होने से पहले कोलकाता हवाई अड्डे पर तृणमूल सांसद सायनी घोष ने भाजपा शासित राज्यों पर तीखा हमला बोला। पत्रकारों से बातचीत में घोष ने कहा कि खगेन मुर्मू के साथ जो हुआ, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन अगर कोई फोटोशूट करने जाता है, तो जनता का गुस्सा भी झेलना पड़ सकता है। तृणमूल किसी से डरती नहीं है। पश्चिम बंगाल जैसा लोकतंत्र किसी भाजपा शासित राज्य में नहीं है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा, जब से भाजपा को यह पता चला कि तृणमूल का प्रतिनिधिमंडल त्रिपुरा जा रहा है, तभी से धमकियां मिलने लगीं। सायनी घोष ने साफ कहा कि अगर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने प्रतिशोध की भावना से



तृणमूल कार्यालय पर हमला किया है, तो हम स्थिति का आकलन करेंगे और अपने कार्यकर्ताओं को संदेश देंगे कि वे अकेले नहीं हैं। सांसद ने यह भी जोड़ा कि तृणमूल लोकतंत्र की लड़ाई लड़ रही है और भाजपा की धमकियों से पीछे हटने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि अब आगे क्या होगा, उसकी गवाही पूरा देश देखेगा। त्रिपुरा की राजनीति में तृणमूल की बढ़ती सक्रियता के बीच टीएमसी सांसद सायनी घोष का यह बयान राज्य की राजनीति में नया रंग भरने वाला माना जा रहा है।

# रूस का यूक्रेन के बड़े भू-भाग पर नियंत्रण, कीव ने 1,355 से ज्यादा सैनिकों को खोया



**मॉस्को,** (हि.स.)। रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसके सैनिकों ने पिछले दिनों यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान के दौरान डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक और जापोरोजे क्षेत्र के दो गांवों को आजाद कराया है। इस बीच वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की बैठक में खुलासा किया गया कि रूस ने इस साल लड़ाई में यूक्रेन के बड़े भू-भाग को नियंत्रण में ले लिया है। यही नहीं, गत दिवस युद्ध के मैदान में यूक्रेन के 1,355 से ज्यादा सैनिक मारे गए।

रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास और अरब न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रूसी सैनिकों ने यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान के तहत पिछले दिन डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक और ज़ापोरोज़े क्षेत्र के दो गांवों को आजाद कराया। मंत्रालय ने बयान में कहा, "युद्ध समूह दक्षिण की इकाइयों ने सक्रिय अभियानों के माध्यम से डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक में फ्योदोरोव्का बस्ती और युद्ध समूह पूर्व की इकाइयों ने जापोरोजे क्षेत्र में नोवोवासिलेवस्कॉय बस्ती को आजाद कराया।"

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि सेना ने इस साल लगभग 5,000 वर्ग किलोमीटर यूक्रेनी क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है और युद्धक्षेत्र पर पूर्ण रणनीतिक नियंत्रण बनाए रखा है। पुतिन ने रूसी शीर्ष सैन्य कमांडरों की बैठक में कहा कि यूक्रेन की सेना मोर्चे के सभी क्षेत्रों से पीछे हट रही है। उन्होंने कहा कि कीव रूसी क्षेत्र में व्यापक हमला करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इससे साढ़े तीन साल से भी अधिक पुराने युद्ध की स्थिति बदलने में कोई मदद नहीं मिलेगी। पुतिन ने कहा कि इस वर्ष, हमने लगभग 212 बस्तियों को भी मुक्त कराया है।

रूसी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के प्रमुख जनरल वालेरी गेरासिमोव ने शीर्ष अधिकारियों की बैठक में बताया कि रूसी सैनिक सभी दिशाओं में आगे बढ़ रहे हैं।

उधर, यूक्रेन में सैन्य अभियान पर जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में सभी अग्रिम पंक्ति के क्षेत्रों में रूसी सेना के साथ लड़ाई में यूक्रेनी सेना ने 1,355 से अधिक सैनिकों को खोया है। इसके अलावा बड़ी संख्या में यूक्रेन के टैंक, बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, जैमिंग स्टेशन, रेजिमेंट, मशीनीकृत ब्रिगेड, पैदल सेना ब्रिगेड ,तोपखाना, आठ डिपो,असॉल्ट ब्रिगेड, नेशनल गार्ड ब्रिगेड को नुकसान पहुंचाया गया है। रूस की सेना ने यूक्रेन को तगड़ा नुकसान पहुंचाया है।


# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में मुठभेड़, लेफ्टिनेंट कर्नल और मेजर समेत 11 सैन्यकर्मियों की मौत, 19 आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद,** (हि.स.)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों से मुठभेड़ में सेना को भारी नुकसान हुआ है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि इस मुठभेड़ में एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक मेजर सहित 11 सैन्यकर्मियों की मौत हो गई। इस मुठभेड़ में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 19 आतंकी भी मारे गए। डान अखबार के अनुसार, आईएसपीआर ने बुधवार को यह जानकारी दी।



आईएसपीआर के अनुसार, यह मुठभेड़ खैबर पख्तूनख्वा के ओरकजई जिले में मंगलवार को हुई। इसमें एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक मेजर सहित 11 सैन्यकर्मी शहीद हो गए। आईएसपीआर ने कहा कि मुठभेड़ में 19 आतंकी भी मारे गए। गोलीबारी के दौरान 39 वर्षीय लेफ्टिनेंट कर्नल जुनैद आरिफ और 33 वर्षीय मेजर तैय्यब राहत की भी मौत हो गई। जान गंवाने वाले सैन्यकर्मियों में 38 वर्षीय नायब सूबेदार आजम गुल, 35 वर्षीय नायक आदिल हुसैन, 34 वर्षीय नायक गुल अमीर, 31 वर्षीय लांस नायक शेर खान, 32 वर्षीय लांस नायक तालिश फ़राज, 32 वर्षीय लांस नायक इरशाद हुसैन, 28 वर्षीय सिपाही तुफैल खान, 23 वर्षीय सिपाही आकिब अली और 24 वर्षीय सिपाही मोहम्मद जाहिद भी हैं। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने 19 आतंकवादियों को मार गिराने के लिए देश के सुरक्षा बलों की प्रशंसा करते हुए लेफ्टिनेंट कर्नल आरिफ और मेजर राहत की मौत पर दुख जताया है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलोचिस्तान में आतंकवादी हमलों में लगातार वृद्धि हो रही है। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 2022 में सरकार के साथ संघर्ष विराम समझौता तोड़ने के बाद हमलों में वृद्धि हुई है।

# अमेरिकी सीनेट की भारत के राजदूत के रूप में सर्जियो गोर के नाम पर हां



**वाशिंगटन,** (हि.स.)। अमेरिका में जारी सरकारी शटडाउन के बीच सीनेट ने मंगलवार को सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का अगला राजदूत नियुक्त करने की मंजूरी दे दी। 38 वर्षीय गोर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी माने जाते हैं। ट्रंप ने दो माह पहले उन्हें इस पद के लिए नामांकित किया था।

फॉक्स न्यूज के अनुसार, सीनेट रिपब्लिकन ने पार्टी लाइन के तहत मतदान कर ट्रंप के 107 नामांकनों को हरी झंडी दी। इनमें पूर्व एनएफएल स्टार हर्शल वॉकर को बहामास और सर्जियो गोर को भारत में राजदूत के रूप में मंजूरी दी गई। गोर के पक्ष में 51 और विरोध में 47 वोट पड़े। इसके अलावा, सीनेट ने प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग के अध्यक्ष पॉल एटकिंस की 2031 तक पुनर्नियुक्ति को भी स्वीकृति दी।

ट्रंप प्रशासन ने पॉल कपूर को दक्षिण एशियाई मामलों के लिए सहायक विदेश मंत्री और अंजनि सिन्हा को सिंगापुर में राजदूत नियुक्त किया है। सीनेट में यह मतदान शटडाउन के बीच एक महत्वपूर्ण राजनीतिक कदम माना जा रहा है। गोर ने हाल ही में हुई सुनवाई में भारत को अमेरिका का "महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार" बताया था।

## बुलेटिन बॉक्स

» पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली की संभावित गिरफ्तारी पर काठमांडू में प्रधानमंत्री आवास पर देर रात आपात बैठक हुई।

» फ्रांसः राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मध्य पूर्व शांति प्रक्रिया को लेकर नए वार्ता दौर की घोषणा की।

» चीनः बीजिंग में एशिया-पैसिफिक व्यापार सम्मेलन में 18 देशों ने डिजिटल करेंसी सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए।

» संयुक्त राष्ट्रः महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाज़ा पट्टी में बढ़ते मानवीय संकट पर तत्काल युद्धविराम की अपील की।

# ओली कैबिनेट के दो मंत्रियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला विशेष अदालत में दायर

**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल की एंटी करप्शन ब्यूरो ने अपदस्थ ओली सरकार के दो मंत्रियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक मामले में विशेष अदालत में याचिका दायर की है। ब्यूरो के आयुक्त जयबहादुर चंद के अनुसार मामला विशेष न्यायालय में दर्ज किया गया है और वर्तमान में इसकी समीक्षा की जा रही है। पोखरा के लीची गार्डन क्षेत्र में भूमि के दुरुपयोग से संबंधित रिश्वत



सौदे के बारे में जांच शुरू की गई थी। इस संबंध में दो पूर्व मंत्रियों सहित सात व्यक्तियों के खिलाफ विशेष अदालत में भ्रष्टाचार का मामला दायर किया गया है। पूर्व मंत्री राजकुमार गुप्ता और रंजीता श्रेष्ठ को इस घोटाले का प्रमुख अभियुक्त बनाया गया है। यह मामला मीडिया में सार्वजनिक होने के बाद दोनों मंत्रियों को इस्तीफा देना पड़ा था।

# चीन-मलेशिया का संयुक्त सैन्य अभ्यास 15 अक्टूबर से

**बीजिंग,** (हि.स.)। चीन और मलेशिया की सेनाएं 15 से 23 अक्टूबर तक मलेशियाई तट पर संयुक्त सैन्य अभ्यास में भाग लेंगी। चीनी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में शांति एवं दोस्ती-2025 नामक इस सैन्य अभ्यास के छठे संस्करण की घोषणा की। बयान में कहा गया है कि यह संयुक्त सैन्य अभ्यास दक्षिण चीन सागर में शांति और स्थिरता बनाए रखने में योगदान देगा। इस बीच सैन्य अभ्यास में भाग लेने के लिए चीन की सेनाओं ने बुधवार को झानजियांग, सान्या और हांगकांग के



सैन्य बंदरगाहों से समुद्री जहाजों के जरिए मलेशिया के लिए प्रस्थान किया। बयान के मुताबिक सैन्य अभ्यास में चाइनीज पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की दक्षिणी कमांड के सैनिक, नौसेना , वायुसेना, हांगकांग गैरीसन और जॉइंट लॉजिस्टिक्स सपोर्ट फोर्स के 700 से अधिक चीनी सैनिक भाग लेंगे। अभ्यास के दौरान दोनों पक्षों की ओर से कुल 1,000 से अधिक कार्मिकों की तैनाती के अलावा 500 से भी ज्यादा विभिन्न वाहनों और उपकरणों की तैनाती की जाएगी। इसमें वाहन, वायुयान , हेलीकॉप्टरों, मानवरहित प्रणालिया और विभिन्न प्रकार के हथियार शामिल हैं।इस दौरान दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के सदस्य देशों को पर्यवेक्षक के तौर पर आमंत्रित किया गया है।

यह संयुक्त सैन्य अभ्यास इस श्रृंखला की छठी कड़ी है जिसका उद्देश्य चीन और दक्षिण पूर्व एशियाई सैन्य बलों के बीच व्यावहारिक सहयोग को मजबूत करना, गैर-पारंपरिक सुरक्षा खतरों से संयुक्त रूप से निपटने की क्षमता को बढ़ाना और क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता कायम रखना है। पहला शांति एवं दोस्ती संयुक्त अभ्यास 2014 में आयोजित किया गया था। दूसरी बार इसका आयोजन 2015 में, तीसरा, चौथा और पांचवां संस्करण क्रमशः 2016, 2018 और 2023 में आयोजित किया गया।

# ओली की संभावित गिरफ्तारी पर प्रधानमंत्री कार्की ने की सुरक्षा प्रमुखों के साथ समीक्षा

**काठमांडू,** (हि.स.)। पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली की संभावित गिरफ्तारी को लेकर मंगलवार रात प्रधानमंत्री आवास में उच्चस्तरीय बैठक हुई, जो देर रात 10 बजे से सुबह 3 बजे तक चली। प्रधानमंत्री सुशीला कार्की, गृहमंत्री ओमप्रकाश आर्यल, नेपाली सेना प्रमुख अशोक राज सिग्देल, नेपाल



पुलिस प्रमुख चंद्र कुबेर खापुंग सहित शीर्ष सुरक्षा अधिकारी बैठक में मौजूद थे। बैठक में ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक की गिरफ्तारी की स्थिति में संभावित दंगों और चुनावी माहौल पर असर को लेकर गहन चर्चा हुई। गृहमंत्री आर्यल ने कहा कि 76 युवाओं की मौत के लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई जरूरी है, जबकि सुरक्षा एजेंसियों ने चेतावनी दी कि गिरफ्तारी से हिंसा भड़क सकती है। रिपोर्टों के अनुसार, ओली की गिरफ्तारी पर जन-जी समूह के आंदोलन तेज़ होने और ओली समर्थकों के सड़कों पर उतरने की आशंका है, जिससे हालात नियंत्रण से बाहर जा सकते हैं।

# स्पेन में छह मंजिला इमारत ढही, अब तक चार शव बरामद

**मैड्रिड,** (हि.स.)। स्पेन की राजधानी मैड्रिड के एक छह मंजिला इमारत के मलबे से बुधवार को चार लोगों के शव बरामद किए गए। दुर्घटना में तीन अन्य लोगों के घायल होने की भी खबर है। स्पेन की आपातकालीन सेवा विभाग ने बताया कि मध्य मैड्रिड में मंगलवार को एक होटल की छह मंजिला इमारत उस समय ढह जब उसमें पुनर्निर्माण का काम चल रहा था। इसके



चलते वहां निर्माण कार्य करने वाले उसके मलबे में दब गए। घटना के 15 घंटे बाद चार लोगों के शव बरामद किए गए। तीन घायलों को नजदीकी अस्पताल में भेजा गया है। इस बीच महापौर जोस लुइस अल्मेइदा ने सोशल मीडिया मंच "एक्स" पर लिखा "गहन दुख के साथ हम पुष्टि करते हैं कि मैड्रिड के अग्निशमन दल के लोगों ने इमारत के ढहने के बाद लापता हुए लोगों के शव बरामद कर लिए हैं।" मृतकों की पहचान तीन पुरुषों के रूप में हुई है जिनकी उम्र 30 से 50 वर्ष के बीच है। ये सभी क्रमश इक्वाडोर, माली तथा गिनी-कॉनाक्री के निवासी थे। ये सभी निर्माणस्थल पर मजदूरी कर रहे थे। मृतकों में एक 30 वर्षीय महिला भी शामिल है जो इस काम के लिए वास्तुकार के तौर पर नियुक्त की गई थी।



# भारत अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर यूथ टेस्ट सीरीज 2-0 से जीती

**मैकाय (ऑस्ट्रेलिया),** (हि.स.)। भारत अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को दूसरे यूथ टेस्ट में हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। ग्रेट बैरियर रीफ एरेना में खेले गए मुकाबले में भारत ने 81 रनों का लक्ष्य 13 ओवर से भी कम में हासिल कर लिया और 7 विकेट से जीत दर्ज की। यह दौरा भारत अंडर-19 टीम के लिए बेहद सफल रहा। टीम ने पूरे दौरे में सभी 5 मुकाबले जीते, जिनमें तीन वनडे और दो टेस्ट शामिल थे।

भारत की जीत में वेदांत त्रिवेदी ने नाबाद 33 रन की पारी खेली और चौका लगाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। कप्तान आयुष म्हात्रे ने 13 रन, विहान मल्होत्रा ने 21 रन और राहुल कुमार ने नाबाद 13 रन बनाए। हालांकि वैभव सूर्यवंशी बिना खाता खोले आउट हो गए। वेदांत त्रिवेदी दौरे के सबसे सफल बल्लेबाज रहे। उन्होंने वनडे में 173 रन और टेस्ट में 198 रन बनाए। वैभव सूर्यवंशी ने टेस्ट में 133 रन बनाकर दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वनडे में भी 124 रन के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 135 रन बनाए। जवाब में भारत ने पहली पारी में 171 रन बनाकर 36 रनों की बढ़त हासिल की और इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 116 रनों पर समेट दिया। गेंदबाजी में नमन पुष्पक और हेनिल पटेल ने तीन-तीन विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया की ओर से विकेटकीपर एलेक्स ली यंग ने सर्वाधिक 38 रन बनाए।

## दिल्ली टेस्ट में जडेजा और राहुल के पास 4,000 रन पूरे करने का सुनहरा मौका

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टेस्ट मैच 10 अक्टूबर से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले से पहले टीम इंडिया के दो स्टार बल्लेबाज रवींद्र जडेजा और केएल राहुल टेस्ट क्रिकेट में 4,000 रन पूरे करने के करीब पहुंच चुके हैं। भारत सीरीज़ में पहले ही 1-0 की बढ़त बनाए हुए है।

पिछले अहमदाबाद टेस्ट में शानदार 104* रन की नाबाद पारी और चार विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द मैच' बने रवींद्र जडेजा इस समय अपने करियर के बेहतरीन फॉर्म में हैं। वह अब तक 86 टेस्ट में 3,990 रन बना चुके हैं और इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें सिर्फ 10 रन की जरूरत है। उनका औसत 38.73 का है, जिसमें 6 शतक और 27 अर्धशतक शामिल हैं। इस साल जडेजा ने 7 टेस्ट में 659 रन बनाए हैं, औसत 82.37 रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज़ में उन्होंने 516 रन बनाए और कई अहम पारियों से टीम को मज़बूती दी।

दूसरी तरफ केएल राहुल ने अहमदाबाद टेस्ट में अपने घरेलू मैदान पर नौ साल बाद शतक लगाया था। वह भी 4,000 रन के आंकड़े से बस 111 रन दूर हैं। राहुल ने अब तक 64 टेस्ट में 3,889 रन बनाए हैं, औसत 36.00 है। उनके नाम 11 शतक और 19 अर्धशतक दर्ज हैं, जबकि उनका सर्वोच्च स्कोर 199 रन है। इस साल राहुल ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 7 मैचों में 649 रन बनाए हैं, औसत करीब 50 का रहा है। इस दौरान उन्होंने तीन शतक और दो अर्धशतक जड़े हैं, जबकि उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 137 रहा। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज़ में 532 रन बनाकर उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट प्रदर्शन किया।



10 अक्टूबर से शुरू हो रहे दिल्ली टेस्ट में अब सभी की निगाहें इन दोनों खिलाड़ियों पर रहेंगी, जो एक ही मैच में ऐतिहासिक 4,000 रन का आंकड़ा छू सकते हैं।

## शंघाई मास्टर्स 2025: थकान और चोट से जूझते हुए जोकोविच क्वार्टरफाइनल में पहुंचे



**सिडनी,** (हि.स.)। थकान और टखने की चोट से जूझते हुए भी नोवाक जोकोविच ने शंघाई मास्टर्स में अदम्य जुझारूपन दिखाया। स्पेन के जौमे मुनार को 6-3, 5-7, 6-2 से हराकर वे क्वार्टरफाइनल में पहुंचे। 38 वर्षीय सर्बियाई दिग्गज अब टूर्नामेंट में बचे सबसे उच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं और रिकॉर्ड पांचवें खिताब की ओर अग्रसर हैं।

## झांसी के सौरभ आनंद मलेशिया में जोहोर कप में दिखाएंगे अपनी हॉकी का जौहर

**झांसी,** (हि.स.)। मलेशिया में 11 से 18 अक्टूबर तक आयोजित हो रहे सुल्तान ऑफ जोहोर कप में झांसी शहर के युवा हॉकी खिलाड़ी सौरभ आनंद कुशवाहा अपनी हॉकी का दम दिखाएंगे। उनके पिता भजन गायक हैं। वह इसे ईश्वर की कृपा बताते हैं। उन्होंने बताया कि उनके दो बेटे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम में फॉरवर्ड की भूमिका में सौरभ खेलते हुए दिखेंगे। सौरभ इससे पहले जूनियर एशिया कप की स्वर्ण पदक जीतने वाली जूनियर भारतीय टीम में रहे हैं। सौरभ ने कुछ दिन पूर्व झांसी प्रवास के दौरान खेल विश्लेषक बृजेंद्र यादव से बात करते हुए बताया था कि टीम की तैयारी हमारी टीम के कोच हॉकी लीजेंड श्रीजेश के मार्गदर्शन में बेहतर रही है और भारत में आयोजित होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी को लेकर हमारे लिए जोहार कप में मजबूत टीमों के खिलाफ प्रदर्शन बेहद अहम रहेगा। कैंप में सभी ने बहुत मेहनत और लगन के साथ प्रैक्टिस की है।



**दो बेटे हॉकी के खिलाड़ी :** झांसी महानगर के नई बस्ती मोहल्ले में रहने वाले सौरभ के पिता केशवानन्द कुशवाहा ने बताया कि वह कभी पान का खोखा लगाते थे। बाद में भगवान के कीर्तन गाने लगे। अन्य बच्चों को खेलता देख उनका मन भी होता था कि उनके बच्चे हॉकी खेलें। आज उनके दो बेटे अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी हैं। 2016 में शिवम आनंद व सौरभ आंनद दोनों ने देश के लिए खेला है। उन पर ईश्वर की कृपा है।

सौरभ ने बताया कि टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में हमने कांस्य पदक जीता था और इस साल उस प्रदर्शन को और बेहतर कर पदक का रंग बदलने का प्रयास रहेगा। भारतीय टीम मंगलवार को बेंगलुरु हवाई अड्डे से मलेशिया के लिए रवाना हुई। टीम 11 अक्टूबर को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद 12 अक्टूबर को न्यूजीलैंड से, 14 अक्टूबर को पाकिस्तान से, 15 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से और 17 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने राउंड-रॉबिन स्टेज को समाप्त करेगी। अंक तालिका की शीर्ष दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी, जो 18 अक्टूबर को खेला जाएगा।

## एशेज सीरीज से बाहर हो सकते हैं पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ को मिल सकती है कप्तानी

**सिडनी,** (हि.स.)। ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम को एशेज सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा है। कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस के सीरीज से बाहर रहने की संभावना है। कमिंस की कमर की स्ट्रेस इंजरी पूरी तरह ठीक नहीं हुई है, जिसके चलते वे न केवल शुरुआती मैच, बल्कि संभवतः पूरी सीरीज़ से भी बाहर रह सकते हैं।

ऑस्ट्रेलियाई अखबार सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार ताज़ा स्कैन में यह सामने आया है कि 32 वर्षीय कमिंस की चोट में सुधार तो हुआ है, लेकिन वह गेंदबाजी शुरू करने की स्थिति में नहीं हैं। ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ 21 नवंबर से शुरू होने वाली एशेज सीरीज़ के शुरुआती मैचों में उनकी अनुपस्थिति तय मानी जा रही है।

कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ को कप्तानी सौंपी जा सकती है। कमिंस ने आखिरी बार जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 की



टेस्ट सीरीज़ में हिस्सा लिया था। इसके बाद वह दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज़ में नहीं खेले और भारत के खिलाफ आगामी वनडे और टी20 सीरीज़ से भी बाहर रहेंगे। उनकी जगह तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड को टीम में शामिल किए जाने की संभावना है, जो मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के साथ तीसरे पेसर के रूप में खेल सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया 2018 से एशेज की ट्रॉफी अपने पास रखे हुए है, जबकि इंग्लैंड को 2011 के बाद से ऑस्ट्रेलियाई ज़मीन पर कोई टेस्ट जीत नहीं मिली है। इस बार इंग्लैंड की नज़र सूखे को खत्म कर जीत दर्ज करने पर होगी।

## जडेजा और सिराज ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट रैंकिंग

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी टेस्ट रैंकिंग हासिल की है। अहमदाबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज़ के पहले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के बाद दोनों खिलाड़ियों की रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। भारत की पहली पारी में 104 नाबाद रन बनाने वाले जडेजा टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में चार स्थान की छलांग लगाकर 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह उनके करियर की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। इससे पहले वे 29वें स्थान पर थे। अब उनके 644 रेटिंग अंक हैं। दूसरी पारी में चार विकेट लेने के दम पर उन्होंने ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर अपनी बढ़त 125 अंकों तक मजबूत कर ली है।


वहीं, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड दौरे की लय कायम रखते हुए मैच में कुल सात विकेट (4/40 और 3/31) लिए। इसके चलते वह गेंदबाजी रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं और उनके



700 रेटिंग अंक हो गए हैं। भारतीय बल्लेबाज के.एल. राहुल और ध्रुव जुरेल को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। दोनों ने शतक जमाए — राहुल चार स्थान ऊपर उठकर 35वें, जबकि जुरेल 20 स्थान ऊपर चढ़कर 65वें स्थान पर पहुंच गए हैं। स्पिनर कुलदीप यादव को दो किफायती विकेटों का इनाम मिला और वे सात स्थान ऊपर बढ़कर 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के किसी भी खिलाड़ी का प्रदर्शन खास नहीं रहा — न कोई बल्लेबाज अर्धशतक बना सका, न कोई गेंदबाज दो से अधिक विकेट ले पाया।

## स्पेन के अनुभवी डिफेंडर जोर्डी आल्बा सीज़न के अंत में पेशेवर फुटबॉल से लेंगे संन्यास

**मियामी,** (हि.स.)।मियामी, 8 अक्टूबर (हि.स.)। बार्सिलोना और स्पेन की राष्ट्रीय टीम के अनुभवी डिफेंडर जोर्डी आल्बा ने घोषणा की है कि वे मौजूदा सत्र के अंत में पेशेवर फुटबॉल से संन्यास लेंगे। स्पेनिश लेफ्ट-बैक आल्बा 2023 से इंटर मियामी के लिए खेल रहे हैं। इस दौरान उन्होंने क्लब के लिए 14 गोल और 38 असिस्ट दर्ज किए, जिससे टीम ने लीग्स कप और सपोर्टर्स' शील्ड जैसे खिताब जीते। उन्होंने



कहा, "यह एक सोच-समझकर लिया गया निर्णय है। अब मैं अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहता हूं और जीवन का नया अध्याय शुरू करना चाहता हूं।"

उन्होंने प्रशंसकों के समर्थन के लिए आभार जताते हुए कहा कि सीज़न के अंत तक वे टीम को प्लेऑफ़ में पहुंचाने के लिए पूरा प्रयास करेंगे।

आल्बा ने अपने करियर की शुरुआत वलेंसिया से की थी और बाद में बार्सिलोना के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई। उन्होंने छह ला लीगा, एक चैंपियंस लीग और एक फीफा क्लब विश्व कप जीता।

स्पेन के लिए उन्होंने यूरो 2012 और यूईएफए नेशंस लीग 2022-23 में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई।